# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 20 अगस्त 2024




## प्रदेश संगठन की आज बैठक

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश भाजपा संगठन की एक बड़ी बैठक मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होगी। इस बैठक के लिए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल आएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उनका पूरा मंत्रिमंडल, सभी विधायक, सांसद तो रहेंगे ही साथ ही प्रदेश कोर ग्रुप, भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी, प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, जिला प्रभारी, सहप्रभारी, जिला अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, सहसंयोजक, निगम महापौर, नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला सदस्यता अभियान टोली, नगरपालिका अध्यक्ष बैठक के लिए आमंत्रित किए गए हैं।

देशभर में 1 सितंबर से शुरू होने वाला है भाजपा का सदस्यता अभियान

# भाजपा के 18 करोड़ की सदस्यता रद्द, अब पहले सदस्य बनेंगे पीएम, छत्तीसगढ़ में विष्णु को मिलेगी पहली मेंबरशिप

राजकुमार ग्वालानी ⏭ रायपुर

खास खबर

दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा ने अपने सभी 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को समाप्त कर दिया है। भाजपा दावा करती है कि उसके 18 करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। इन सभी को नए सिरे से सदस्यता लेनी होगी। एक सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान में देश का पहला सदस्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाया जाएगा। वहीं छत्तीसगढ़ के पहले सदस्य विष्णुदेव साय होंगे। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 37 लाख सदस्य हैं। इन्हें 50 लाख करने का लक्ष्य रखा गया है।

राष्ट्रीय स्तर पर पीएम मोदी के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय पदाधिकारियों, केंद्रीय मंत्रियों को सदस्य बनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में सदस्यता अभियान का ⏭ शेष पेज 4 पर

### प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने की तैयारी

बैठक का सबसे अहम मुद्दा होगा नए सदस्यों को लेकर लक्ष्य तय करना। पिछली बार जितने सदस्य बनाए गए थे, उससे ज्यादा का लक्ष्य रखा जाएगा। भाजपा के अभी करीब 37 लाख सदस्य हैं। अब ⏭ शेष पेज 4 पर

### पुराने सदस्यों को भी लेनी होगी सदस्यता, प्रदेश में 50 लाख का लक्ष्य



### पहले बनाएंगे सामान्य सदस्य

सदस्यता अभियान के लिए तीन चरण तय किए गए हैं। इसमें पहला चरण 1 से 25 सितंबर तक होगा। इसके बाद दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। तीनों चरणों के बाद अंत में 1 से 10 नवंबर तक प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्यता का रजिस्टर तैयार किया जाएगा।

### नए सिरे से बनेंगे सदस्य

राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि इस बार नए सिरे से सदस्य बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 1 सितंबर को पहला सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाएंगे।

- **अनुराग सिंहदेव,** संयोजक, प्रदेश सदस्यता अभियान समिति









## कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना

# कश्मीर में आज से चुनाव प्रक्रिया, बौखलाए आतंकियों ने किया हमला, इंस्पेक्टर शहीद

एजेंसी ⏭ जम्मू

- 10 सालों बाद कश्मीर में हो रहा विधानसभा चुनाव
- विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 'हाई अलर्ट' पर सुरक्षा एजेंसियां

*कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। तीन चरणों में ये 18, सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को मतदान होंगे। पहले चरण के लिए मंगलवार को अधिसूचना जारी होगी। चुनाव से पहले आतंकवादी बौखला गए हैं और कश्मीर के अलग-अलग क्षेत्रों में हमले कर रहे हैं। इस बीच, सोमवार को बसंतगढ़ में डुडू थानाक्षेत्र में आतंकियों ने जवानों पर हमला कर दिया। इसमें सीआरपीएफ के एक निरीक्षक शहीद हो गए।*

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक निरीक्षक शहीद हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ में डुडू थानाक्षेत्र के चिल इलाके में अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे आतंकवादियों ने सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि हमले में सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन के निरीक्षक कुलदीप को गोली लगी और बाद में अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, चिल, डुडू में गश्त के दौरान आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के संयुक्त दलों पर गोलीबारी की। मुठभेड़ में सीआरपीएफ के एक निरीक्षक को गोली लगी और वह शहीद हो गए। अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि संयुक्त गश्ती दल की जवाबी कार्रवाई के बाद आतंकवादी मौके से भाग गए। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर अतिरिक्त बल भेजा गया है तथा आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पिछले सप्ताह निर्वाचन आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा किए जाने के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियां 'हाई अलर्ट' पर हैं।

### तीन चरणों में विस चुनाव

घाटी में तीन चरण में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। पहले चरण के लिए अधिसूचना 20 अगस्त को जारी होगी, वहीं नामांकन की आखिरी तारीख 27 अगस्त होगी। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अगस्त होगी। 18 सितंबर को पहले चरण में 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इसी तरह दूसरे चरण के लिए 29 अगस्त को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 5 सितंबर है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 सितंबर होगी। 25 सितंबर को दूसरे चरण की 26 विधानसभा सीटों के मतदाता वोट डालेंगे। तीसरे चरण के लिए 5 सितंबर को अधिसूचना जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 17 सितंबर है।



### जम्मू रीजन में बढ़ीं आतंकी घटनाएं

सोमवार को हुआ हमला जम्मू क्षेत्र में हुआ है, जो कई सालों से कश्मीर की तुलना में शांत रहा है। जम्मू में खास तौर पर पीर पंजाल रेंज के दक्षिणी इलाकों में आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है। यहां के घने जंगल और खड़ी पहाड़ियां आतंकियों के लिए सेफ गार्ड बन गई हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार, 21 जुलाई तक 11 आतंकी घटनाओं और 24 ऑपरेशन में 28 लोग मारे गए हैं।

### जुलाई में 11 आतंकी हमले

- *07 जुलाई* : राजौरी जिले के गलुथी गांव में सुरक्षा चौकी पर फायरिंग। एक सैन्यकर्मी घायल
- *07 जुलाई* : दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम में मोदरगाम-चिन्नीगाम में मुठभेड़। चार आतंकी मारे गए। दो जवान शहीद।
- *08 जुलाई* : कठुआ में गश्ती दल पर आतंकी हमले में 22वीं गढ़वाल राइफल्स के पांच जवान शहीद
- *10 जुलाई* : राजौरी के नौशेरा सेक्टर 10 में आतंकियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम की गई
- *14 जुलाई* : कुपवाड़ा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम, तीन आतंकी मारे गए
- *16 जुलाई* : डोडा के धारी गोटे उरारबागी इलाके में फायरिंग। कैप्टन समेत चार जवान शहीद
- *18 जुलाई* : कुपवाड़ा के केरन इलाके में मुठभेड़, दो आतंकियों का एनकाउंटर
- *22 जुलाई* : राजौरी में शौर्य चक्र विजेता के घर पर हमला, एक आतंकी मारा गया
- *23 जुलाई* : पुंछ में आतंकियों और जवानों की फायरिंग में लांस नायक शहीद
- *24 जुलाई* : कुपवाड़ा के कोतुव में आतंकी हमला, आर्मी अफसर शहीद, एक आतंकी मारा गया
- *27 जुलाई* : कुपवाड़ा के माछिल सेक्टर में मुठभेड़, एक जवान शहीद, चार घायल

## सीएम बन सकते हैं छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के अध्यक्ष



- खेल संघों के पदाधिकारियों से मिले साय
- 30 खेलों के पदाधिकारी थे उपस्थित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सोमवार को छत्तीसगढ़ के विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। सभी ने मुख्यमंत्री साय से छ.ग. ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बनने हेतु निवेदन किया। इसके ⏭ शेष पेज 4 पर

## उमस से उबले लोग, दो दिन तक ऐसे ही हालात फिर बारिश की संभावना



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बादल छंटते ही राजधानी में दिन का अधिकतम तापमान पांच डिग्री तक बढ़ गया। सोमवार को तेज धूप और उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान हो गए। अगले दो दिन ऐसे ही हालात रह सकते हैं। हल्की बारिश और धूप से उमस बनी रहेगी। 22 अगस्त से इसका विस्तार होने की संभावना है। अगस्त ⏭ शेष पेज 4 पर

- दो दिन हल्की से मध्यम वर्षा 22 से गतिविधि बढ़ने की संभावना

### राजधानी का तापमान 34.6 डिग्री

मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़ों के अनुसार सोमवार को लालपुर स्थिति वेधशाला में अधिकतम तापमान 34.6 डिग्री दर्ज किया गया जो रविवार को 31 डिग्री के करीब था। इसी तरह माना का पारा 34 डिग्री, बिलासपुर ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### भगवान गणेश को अर्पित दुनिया की सबसे बड़ी राखी



**इंदौर।** इंदौर में भगवान गणेश के भक्तों की एक संस्था ने अपने इष्ट देव को रक्षाबंधन पर सोमवार को 169 वर्ग फुट की राखी अर्पित की। संस्था का दावा है कि यह पर्यावरण बचाने की थीम पर बनाई गई दुनिया की सबसे बड़ी राखी है।

### युद्ध के बीच पीएम मोदी जाएंगे यूक्रेन



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन की बीच युद्ध जारी है। इस बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि पीएम मोदी जल्द ही यूक्रेन यात्रा पर जा सकते हैं। मोदी 21 से 23 अगस्त के बीच दोनों देशों का दौरा कर सकते हैं। रूस यात्रा के लगभग दो महीने बाद ही पीएम मोदी का यूक्रेन दौरा बेहद ही खास माना जा रहा है।

### दूध का टैंकर खाई में गिरा, पांच की मौत



**ठाणे।** कसारा घाट खंड में दूध के एक टैंकर के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। रविवार अपराह्न करीब तीन बजे तेज गति से आ रहा टैंकर लोहे के एक 'बैरियर' से टकराकर 200 फुट गहरी खाई में जा गिरा। टैंकर चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### साबरमती एक्सप्रेस हादसे पर केस दर्ज



**कानपुर।** साबरमती एक्सप्रेस के डिब्बे पटरी से उतरने के मामले में कथित तोड़फोड़ के लिए अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। रेलवे के अधिकारियों ने कहा कि इंजन के 'ट्रैक पर रखी वस्तु' से टकराने के बाद हादसा हुआ।

## बहनों के स्नेह भरे पवित्र रक्षा सूत्र में बंधे

- प्रधानमंत्री मोदी को विभिन्न स्कूलों की छोटी-छोटी लड़कियों ने बांधी राखी
- सीएम साय को दिव्यांग बच्चे और आदिवासी बच्चियों ने बांधा रक्षा सूत्र






हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

देशभर में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आधिकारिक आवास सात, लोक कल्याण मार्ग पर रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर इससे जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की। इन तस्वीरों में विभिन्न स्कूलों की छोटी-छोटी लड़कियां प्रधानमंत्री को राखी बांधते दिख रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर बड़ी संख्या में बहनों और बच्चियों ने राखी बांधी। इस मौके पर ट्रांसजेंडर, स्वच्छता दीदियां, दिव्यांग बच्चे और आदिवासियों बच्चियों ने सीएम साय को रक्षा सूत्र बांधा।

## महादेव सटोरिया के भाई ने एसपी को दी 'धमकी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा के आरोपी बदमाश दीपक नेपाली के भाई लुकेश नेपाली ने सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल किया है। इसमें दुर्ग जिले के एसपी से अपने भाई दीपक नेपाली को लेकर रिकवेस्ट करते नजर आ रहा है। जिसमें लुकेश ने कहा है कि भाई को चोट नहीं पहुंचाइएगा, आपके भी बीवी-बच्चे हैं। लुकेश का भाई दीपक नेपाली दुर्ग जेल में बंद है। दीपक नेपाली कई ⏭ शेष पेज 4 पर

- एसपी बोले- नशे में बोला रिकवेस्ट कर रहा

### वायरल वीडियो में क्या

वायरल वीडियो में एसपी से लुकेश ने कहा, आप मेरी फीलिंग क्यों नहीं समझते हैं। मैं पूरे होशोहवास में बोल रहा हूं, मेरी भावनाओं को समझिए कि वहां क्या हो रहा है, क्या नहीं हो रहा है। एसपी साहब मैं आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि मेरे भाई को कोई चोट नहीं पहुंचाइएगा, ⏭ शेष पेज 4 पर

## पीड़िता की पहचान उजागर करने वाला अरेस्ट

एजेंसी ⏭ कोलकाता

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जिस प्रशिक्षु डॉक्टर की कथित तौर पर बलात्कार और हत्या के विरोध में देशभर में प्रदर्शन जारी है। पीड़िता ट्रेनी डॉक्टर की पहचान सोशल मीडिया पर उजागर करने और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धमकी देने के आरोप में कोलकाता में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। तलताला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज होने के बाद गिरफ्तारी की गई। इंस्टाग्राम पर 'कीर्तिसोशल' यूजरनेम से एक व्यक्ति ने आरजी कर एमसीएच में हुई घटना से संबंधित तीन खबरें अपलोड की हैं, जिनमें पीड़िता की तस्वीर और पहचान का खुलासा किया गया है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस में कार्रवाई




### अस्पताल के बाहर ओपीडी

इधर, दिल्ली में आठ दिन से हड़ताल कर रहे चिकित्सकों ने सोमवार को निर्माण भवन के बाहर वैकल्पिक बाह्य रोगी सेवाएं प्रदान कीं। सोमवार को निर्माण भवन में स्वास्थ्य मंत्रालय के कार्यालय के सामने सड़क पर चिकित्सक अपने नाम और विशेषज्ञता-ऑर्थो ओपीडी, न्यूरोलॉजी ओपीडी, मनोचिकित्सा ओपीडी, पीएमआर - दर्शाने वाले कागज लेकर बैठे थे। रोगियों की जांच करने के लिए सड़क पर बैठे एक चिकित्सक ने कहा, अस्पताल में, कोई सुरक्षा या संरक्षण नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी। यह सुनवाई सुबह साढ़े 10 बजे हो सकती है।

## रसूखदारों की वजह से 4 हजार 394 करोड़ के बकाये में बिजली कंपनी

# नगरीय निकाय और पंचायत बिजली के सबसे बड़े बकायेदार, सिविल लाइन के अरबपति डिफाल्टर

गौरव शर्मा ⏭ रायपुर

अलग खबर

दिया तले अंधेरा की कहावत को चरितार्थ करता है छत्तीसगढ़ का सरकारी महकमा। सरकारी विभागों की जिम्मेदारी है कि नियमों का पालन सख्ती से कराए। लेकिन हाल यह है कि वे खुद इसका पालन नहीं कर रहे। छत्तीसगढ़ में सरकारी विभाग और सरकारी अफसर ही बिजली के सबसे बड़े बकायेदार हैं। नगरीय निकायों और ⏭ शेष पेज 4 पर

### बिजली कंपनी के 17 सौ करोड़ से ज्यादा बकाया सरकार पर ही



### परिणाम मूलक कार्रवाई करेंगे

बकायादारों से वसूली के लिए मैदानी अधिकारियों को लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। जल्द ही इस संबंध में समीक्षा बैठक भी रखी जाएगी और परिणाम मूलक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

- **भीम सिंह,** एमडी, सीएसपीडीसीएल

### 2610 करोड़ की चपत प्राइवेट सेक्टर से

सीएसपीडीसीएल को 2610 करोड़ की चपत तो निजी कंपनियों और व्यक्तियों से लगी है। इनमें निम्न दाब वाले उपभोक्ताओं ने जहां 2140 करोड़ का चूना लगाया है। वहीं उच्चदाब वाले उपभोक्ताओं ने 470 करोड़ का नुकसान पहुंचाया है। इस तरह सिर्फ प्राइवेट सेक्टर से 2610 करोड़ की चपत लगी है।



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में छात्राओं के साथ रक्षाबंधन मनाया।



थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने नई दिल्ली में स्कूली छात्राओं के साथ रक्षाबंधन मनाया।



# रक्षाबंधन की धूम





अटारी। रक्षाबंधन पर्व पर सोमवार को अमृतसर से लगभग 35 किलोमीटर दूर भारत-पाकिस्तान अटारी-वाघा सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों को राखी बांधती महिलाएं।



कोलकाता। महिला प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के विरोध में धरने पर बैठे जूनियर डॉक्टरों को रक्षाबंधन के अवसर पर महिला पुलिसकर्मी राखी बांधती हुई।



श्रीनगर। जम्मू एवं कश्मीर में एक लड़की बीएसएफ जवान की कलाई पर राखी बांधती हुई।

## खबर संक्षेप

### सिद्धारमैया को बड़ी राहत, किसी भी एक्शन पर लगाई रोक

**बंगलुरू।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने एमयूडीए 'घोटाला' मामले में सोमवार को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर तब तक रोक लगा दी है, जब तक



राज्यपाल की मंजूरी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका की समीक्षा नहीं हो जाती. अदालत ने अगली सुनवाई 29 अगस्त की तारीख तय की है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर राज्यपाल थावरचंद गहलोत द्वारा कथित मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमयूडीए) घोटाले से संबंधित उन पर मुकदमा चलाने के लिए हाल ही में दिए गए आदेश को चुनौती दी थी।

### एक्सप्रेस-वे पर फटा ट्रक का टायर, 4 की मौत, 24 घायल

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफरल पर ट्रक का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। जिसमें चार लोगों की मौत हुई है और 24 घायल हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक ट्रक में करीब 30 लोग सवार थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया है। नोएडा पुलिस ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी सामने आ रही है कि रात तकरीबन 2:30 बजे एक बैंड पार्टी की गाड़ी से ट्रक अनियंत्रित होकर टकरा गया था। जिसके बाद यह हादसा हुआ। 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। अब पुलिस हादसे को लेकर जानकारी जुटाने में लग गई है।

## कोलकाता के बाद अब यूपी के मुरादाबाद में हैवानियत

# डॉक्टर ने अस्पताल में किया नर्स से रेप, वार्ड बॉय ने बाहर से बंद कर दिया था दरवाजा

*दुष्कर्म के बाद जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी भी दी*

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के मामले को लेकर देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी बीच यूपी के मुरादाबाद के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एक नर्स से हैवानियत का मामला सामने आया है। यहां एक डॉक्टर ने नर्स को बंधक बनाकर रेप किया है। आरोप है कि 20 वर्षीय इस नर्स को उसके साथ काम करने वाली एक नर्स और वार्ड बॉय डॉक्टर के कमरे में ले गए। उसे अंदर करके बाहर से दरवाजा बंद कर दिया।

कमरे के अंदर डॉक्टर ने नर्स के साथ रेप किया। यही नहीं नर्स को जातिसूचक शब्द कहे और जान से मारने की धमकी भी दी। नर्स के पिता ने डॉक्टर समेत तीन आरोपियों के खिलाफ डिलारी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने डॉक्टर समेत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने डॉक्टर समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



### दूसरी नर्स ने दिया आरोपियों का साथ

पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित नर्स के पिता ने बताया कि उसकी बेटी पिछले 10 महीने से ठाकुरद्वारा-काशीपुर रोड स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स का काम कर रही है। शनिवार 17 अगस्त को शाम 7 बजे से उनकी बेटी अस्पताल में नाईट ड्यूटी पर गई थी। रात में अस्पताल में काम करने वाली एक अन्य नर्स मेहनाज ने उससे कहा कि डॉ.शाहनवाज उसे अपने कमरे में बुला रहे हैं। पिता के अनुसार नर्स के कहने के तरीके पर उनकी बेटी को शक हुआ और उसने डॉक्टर के पास जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद वार्ड बॉय जुनैद और नर्स मेहनाज उसे जबरदस्ती अस्पताल के ऊपरी हिस्से में बने डॉक्टर शाहनवाज के कमरे में ले गए। दोनों ने उसे कमरे के अंदर करके दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। यह घटना रात के करीब 12 बजे हुई। डॉक्टर ने नर्स को अपने कमरे में बंधक बनाकर रेप किया। उस समय पीडिता मदद के लिए गुहार लगाती रही लेकिन उसे वहां ले जाने वाली नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय ने कोई मदद नहीं की। पिता ने आरोप लगाया कि रेप करने के साथ ही डॉक्टर ने उनकी नर्स बेटी को जातिसूचक शब्द भी कहे और धमकी दी कि किसी से शिकायत की तो जान से मार दूंगा। इसके बाद पिता उसे लेकर थाने पहुंचे। पिता की तहरीर पर पुलिस ने डॉ.शाहनवाज, नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय जुनैद के खिलाफ रेप, एससी-एसटी एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। नर्स मेहनाज और वार्ड बॉय जुनैद को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बेंगलुरु में भी कॉलेज छात्रा से रेप, बाइक सवार से मांगी थी लिफ्ट

इधर, कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 21 वर्षीय युवती से कथित बलात्कार का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात एक अज्ञात बाइक सवार ने युवती को पहले लिफ्ट दिया और फिर उसके साथ रेप किया। बेंगलुरु ईस्ट जोन के एसीपी रमन गुप्ता के अनुसार, युवती एक कॉलेज छात्रा है और वह अपने दोस्तों के साथ गेट-टूगेदर के बाद घर लौट रही थी। एसीपी ने बताया कि युवती ने रास्ते में एक बाइक सवार से लिफ्ट ली, जो उसे निर्धारित स्थान पर ले जाने के बजाय एक सुनसान स्थान पर लेकर चला गया। रमन गुप्ता ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, 'जिस व्यक्ति से उसने लिफ्ट ली थी, उसने उस पर जानलेवा हमला किया और कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया. हमने बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# 'तीन तलाक घातक है, यह न तो इस्लामी और न ही कानूनी'

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- मुस्लिमों ने इसे रोकने के ठोस कदम नहीं उठाए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तीन तलाक कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर केंद्र सरकार ने सोमवार को 433 पेज में अपना जवाब दाखिल किया। केंद्र ने हलफनामें में कहा- तीन तलाक जैसी प्रथा शादी जैसी सामाजिक संस्था के लिए घातक है। यह न तो इस्लामी है और न ही कानूनी। तीन तलाक किसी एक महिला के साथ किया गया निजी अपराध नहीं है। यह सामाजिक अपराध है, जो महिलाओं के अधिकारों और शादी जैसी सामाजिक संस्था के खिलाफ है। केंद्र ने कहा- शीर्ष कोर्ट से इस प्रथा को असंवैधानिक घोषित किए जाने के बावजूद मुस्लिम समुदाय ने इसे खत्म करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए।



**केंद्र बोला- प्रथा मुस्लिम महिलाओं से भेदभाव करती है**

केंद्र सरकार ने कानून के बचाव में कहा- कानून ऐसी प्रथा को गैर-जमानती अपराध बनाता है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने ही मनमाना कहा था। यह प्रथा शादीशुदा मुस्लिम महिलाओं से भेदभाव करती है। वहीं, यह कानून शादीशुदा मुस्लिम महिलाओं के लिए न्याय और समानता के अधिकार को सुनिश्चित करने में मदद करता है।

### जमीयत का दावा- कानून संविधान के खिलाफ

सुप्रीम कोर्ट ने 22 अगस्त 2017 को तत्काल तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) असंवैधानिक घोषित किया था। वहीं, केंद्र सरकार ने 30 जुलाई 2019 को तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाया था। इसमें तीन तलाक को क्रिमिनलाइज करके 3 साल की सजा का प्रावधान किया गया। कानून के खिलाफ दो मुस्लिम संगठनों- जमीयत उलमा-ए-हिंद और समस्त केरल जमीयतुल उलेमा ने याचिका लगाई थी। याचिका में इसे असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। जमीयत का दावा है कि एक धर्म में तलाक के तरीके को अपराध बनाना और अन्य धर्मों में केवल सिविल कानून के दायरे में रखना भेदभाव भरा है।

समझौते के लिए तेल अवीव पहुंचे थे अमेरिकी विदेश मंत्री

# इधर शांति की कवायद, उधर इजराइली हमले में 29 गाजावासियों की मौत

**तेल अवीव।** फिलिस्तीन के गाजा शहर पर पिछले 24 घंटे में इजराइल की ओर किए हमलों में 29 लोगों की मौत हुई है। जबकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शांति समझौते की कोशिश के लिए इजराइल में मौजूद हैं। बता दें, मरने वालों में एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं। हमले में एक महिला और उसके 6 बच्चों की मौत हुई है। गाजा में इजराइल और हमास के बीच पिछले 11 महीनों से जंग जारी है। जंग में अब तक 40 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।



### एंटनी ब्लिंकन की मौजूदगी में हमले

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक जबालिया इलाके में एक हमले में दो अपार्टमेंट में दो शख्स और एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई है। जिस वक़्त यह हमले हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन तेल अवीव में मौजूद थे। अल-अवदा अस्पताल के अनुसार मध्य गाजा में दो अन्य हमलों में नौ लोग मारे गए। अस्पताल ने कहा कि नुसेरत में एक हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। नासिर अस्पताल के अनुसार शनिवार देर रात दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास एक हमले में एक ही परिवार के चार लोग मारे गए, जिनमें दो महिलाएं शामिल थीं।

# 'शिंदे को कभी नहीं रोका, झूठा होने पर मैं संन्यास ले लूंगा'

**मुंबई।** विधानसभा चुनाव से पहले मराठा आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर गरमाया हुआ है। आरक्षण के लिए आंदोलन कर रहे मनोज जारांगे पाटिल इस मांग पर अड़े हैं कि मराठा समुदाय को ओबीसी से आरक्षण दिया जाए।

हालांकि, जारांगे पाटिल लगातार उप मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस पर सरकार के वादे पूरे न करने का आरोप लगाते रहे हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि जरांगे पाटिल को अभी शिंदे साहब से पूछना चाहिए और अगर मैंने शिंदे साहब को मराठा आरक्षण के लिए कोई भी फैसला लेने से रोका तो मैं उसी वक्त इस्तीफा दे दूंगा और राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उनके इस बयान से हड़कंप मच गया है। इसके बाद खुद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रतिक्रिया दी है।

- **मराठा आरक्षण पर भड़के देवेंद्र फडणवीस बोले जरांगे पाटिल पूछें सीएम से**






*बाइडेन का इस्तीफा देना सही फैसला!*

# डोनाल्ड ट्रंप पर भारी कमला हैरिस, चौंका रहे सर्वे के आंकड़े



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव को लेकर बड़ी खबर है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस आने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर मामूली बढ़त बनाए हुए हैं। कमला हैरिस ने ट्रंप पर चार अंकों की बढ़त बनाई है और ये डेमोक्रेट्स के लिए अच्छी खबर है। डेमोक्रेट्स का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू होने वाला है। ऐसे में हैरिस के लिए ये बढ़त महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सम्मेलन में हैरिस आधिकारिक तौर पर डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन स्वीकार करेंगी।

वाशिंगटन पोस्ट-एबीसी न्यूज-इप्सोस पोल के अनुसार हैरिस को 49 प्रतिशत लोग राष्ट्रपति पद के लिए पसंद करते हैं तो वहीं ट्रंप को 45 प्रतिशत लोग पसंद कर रहे हैं। यदि तीसरे पक्ष के उम्मीदवारों को शामिल किया जाए, तो हैरिस को 47 प्रतिशत, ट्रंप को 44 प्रतिशत और रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर को 5 प्रतिशत लोग पसंद कर रहे हैं। जुलाई में ट्रंप 43 प्रतिशत के साथ आगे चल रहे थे जबकि बाइडेन 42 प्रतिशत और कैनेडी 9 प्रतिशत के साथ आगे रहे।

### पीछे हटे थे बाइडेन

अन्य ओपिनियन पोल्स ने संकेत दिया है कि बाइडेन के पीछे हटने के बाद से हैरिस ने लगभग सभी स्विंग राज्यों में बढ़त हासिल कर ली है। बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडेन के बीच डिबेट हुई थी, जिसमें बाइडेन पीछे रह गए थे। इसके बाद डेमोक्रेट्स के कई बड़े नेताओं ने उन्हें चुनाव से हटने के लिए कहा। काफी सोचने के बाद जो बाइडेन ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन किया और राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना समर्थन दिया। बाद में कमला हैरिस को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा का भी समर्थन मिला। अब कई पोल्स में कमला हैरिस, डोनाल्ड ट्रंप पर बढ़त बनाती हुई दिखाई दे रही हैं।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





*कहते हैं कि मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। अगर मन में ठान लिया तो कुछ मायने नहीं रखता। ऐसा ही दिव्यांगों के साथ है। दुनिया ने उन्हें अपने अपने नजरिए से देखा। किसी ने कहा, कमजोर, किसी ने कहा किसी काम का नहीं। लेकिन मेहनत, लगन और जीने की लगन से ऐसे मुकाम पर पहुंचा दिया कि दुनिया दांतों तले उंगलियां दबा लेती है। ऐसी कहानियां इसलिए भी सामने आनी चाहिए, ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सके।*

लोगों ने बताया मानसिक विकलांग, याद कर डाले संस्कृत के सैकड़ों श्लोक

# तन से दिव्यांग, मन से मजबूत, हैरत में डाल देगी कमतर समझे जाने वालों की काबिलियत

ललित राठौड़/दामिनी बंजारे ▶▶ रायपुर

बीटीआई ग्राउंड पर दिव्य कला मेला का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांगों का हुनर देखकर हर कोई आश्चर्यचकित है। मेले में 5 से 10 हजार की साड़ी भी उपलब्ध हैं, जिसे देखकर कोई नहीं कह सकता कि इसे दिव्यांगों ने अपने हाथों और पैरों की मदद से तैयार किया है। पेशेवर बुनकरों की तरह दिव्यांगों ने अपनी कला का ▶▶ शेष पेज 4 पर

अलग खबर

## दिव्यांगजनों को जोड़कर बनाया संगठन अब 25 हजार लोगों को रोजगार

डोंगरगढ़ के दिव्यांग ऋषि कुमार 25 साल से चूड़ी, डेकोरेशन सामग्री के अलावा ऊन के कपड़े तैयार कर रहे हैं। बातचीत में बताया कि वर्तमान समय में दिव्यांग के लिए आर्थिक लाभ देने वाली कई योजनाएं हैं। 20 से 25 साल पहले दिव्यांगों को रोजगार मिल ▶▶ शेष पेज 4 पर



## कद ढाई फीट, हौसला छू रहा आसमान

ढाई फीट की डांसर रीता तराई मूलतः ओडिशा की भुवनेश्वर की रहने वाली है और आज उन्होंने राजधानी रायपुर के बीटीआई ग्राउंड में चल रहे दिव्य कला मेला में अपने प्रस्तुति ▶▶ शेष पेज 4 पर



## 2.5 फीट हाइट होने का मलाल नहीं

*रीता की 2.5 फीट हाइट को लेकर जब उससे सवाल किया गया तब वह कहती हैं की उसे भी स्कूल के पढ़ाई के वक्त अन्य लोगों से खुद को अलग तो पाती थी, लेकिन उसने इस सच्चाई को अपनाया, जिसमें उसका साथ उसके आस-पास के लोगों ने दिया। उसको कभी एहसास ही होने नहीं दिया कि वह औरों से अलग है। आज जब भी वह कहीं जाती हैं तब लोग उसके साथ फोटो लेने आते हैं तब वह खुश होती हैं।*

## हाथों से निःशक्त फिर भी भाई को राखी बांधने का हौसला बुलंद



**राजिम।** रक्षा बंधन भाई और बहन के प्रेम का पर्व कहलाता है। यह भाई बहन के पवित्र रिश्ते,प्यार का एक ऐसा त्योहार है जिसमे हर स्थति, परिस्थिति में भाई बहन इस दिन मिलते हैं और धूम धाम से इस पर्व को मनाते हैं। बहन का भाई के प्रति ऐसा स्नेह और समर्पण कुलेश्वरी में है जो अपनी हाथों की दिव्यांगता को चुनौती देते हुए भाई की कलाई को सुना नहीं रहने देती उसे पैरों के सहारे से हर साल राखी बांधती है। हम इस पर्व में एक ऐसी बहन को दिखाते है जब वह अपने ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ कमजोरी को कुलेश्वरी ने बनाया ताकत


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पिकनिक मनाने गए तीन लोग नदी में डूबे



**अलीबाग।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में पिकनिक मनाने के दौरान दो भाई और उनके एक रिश्तेदार नदी में डूब गए। मृतक मुन्नवर शहाबुद्दीन नालबंद (38), उनके भाई दिलावर (28) और उनके रिश्तेदार जाहिद (28) महाबलेश्वर के निवासी थे और वह पिकनिक के लिए महाड़ आए थे।

### गणेश पूजा समारोह में डीजे पर लगाया प्रतिबंध



**भुवनेश्वर।** पुलिस ने भुवनेश्वर और कटक में गणेश पूजा समारोह के दौरान डिस्क जॉकी (डीजे) के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। गणेश पूजा सात सितंबर से शुरू होगी। भुवनेश्वर के पुलिस उपायुक्त ने भी इस संदर्भ में एक बैठक की। मूर्ति विसर्जन 15, 22 और 29 सितंबर को निर्धारित है।

### नेपाल में भूस्खलन सात की मौत



**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में पिछले 24 घंटों में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की अलग-अलग घटनाओं में दो परिवारों के सात लोगों की मौत हो गई। रविवार रात बंगल नगरपालिका-10 में भूस्खलन के कारण एक घर बह गया, जिससे बझांग जिले में एक परिवार के चार सदस्य जिंदा दफन हो गए।

### राजमार्ग पर बस पलटी, 16 यात्री घायल



**होशियारपुर।** पंजाब के होशियारपुर जिले में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी बस के पलटने से 16 यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल 26 वर्षीय एक युवक और 55 वर्षीय एक महिला को अमृतसर स्थित एक उच्चस्तरीय अस्पताल रेफर किया गया है। कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

### दो शेरों को बचाने रोकी मालगाड़ी



**भावनगर।** गुजरात के अमरेली जिले में सोमवार सुबह एक मालगाड़ी के दो सतर्क लोको पायलट ने रेलवे ट्रैक पर भटककर आए दो शेरों की जान बचा ली। यह घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे पीपावाव-राजुला खंड पर हुई, जहां लोको पायलट विवेक वर्मा और सहायक लोको पायलट राहुल सोलंकी एक मालगाड़ी चला रहे थे।

पति से था विवाद, अनुष्ठान के नाम पर जेवर नकदी सहित 20 लाख तांत्रिक को दिए, कहा -डकैती हो गई

# दो झूठी कहानियों में उलझी पुलिस, पत्नी ने अनुष्ठान के नाम पर तांत्रिक को पैसे दिए, बच्चों ने रची एसिड अटैक की कहानी

रक्षाबंधन का दिन। पुलिस कानून व्यवस्था में जुटी थी। राजधानी रायपुर की दो खबरों ने शहर में हलचल पैदा कर दी। दिनदहाड़े खबर आई कि गुढ़ियारी में 18 लाख की डकैती हो गई। वहीं, रविवार को एक बच्चे ने केमिकल अटैक का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने आज दोनों ही मामलों का खुलासा कर दिया। दोनों ही मामले झूठे निकले।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस के मुताबिक पेशे से जमीन कारोबारी रामकिशोर केशरवानी और उसकी पत्नी एक दूसरे की चरित्र को लेकर संदेह करते थे। कारोबारी की पत्नी गृह शांति के लिए अनुष्ठान कराने आमानाका थाना क्षेत्र निवासी तांत्रिक विजय पाण्डेय के संपर्क में थी। तांत्रिक ने कहा कि उसका पति उससे छुटकारा चाहता है। अगर उसे अपने घर को बचाना है तो अनुष्ठान कराना होगा। वह ऐसा अनुष्ठान कराएगा कि पति चाहकर भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। पत्नी ने पूछा कि क्या करना होगा। तांत्रिक ने कहा कि अनुष्ठान लंबा चलेगा, सो खर्च भी काफी होगा। तांत्रिक ने कुल खर्च 20 लाख रुपए के आसपास बताया। पत्नी ने कहा कि इतने पैसे उसके पास नहीं हैं।



फरियादी कारोबारी राम किशोर





### तांत्रिक जानता था पति के पास हैं पैसे

तांत्रिक को इस बात की जानकारी थी कि परिवार के पास काफी पैसे हैं। उसने महिला को बरगलाया और कहा, जब पति नींद में हो तो नकदी और जेवर निकालकर उसे दे दे। साथ ही इसे डकैती दिखाने के लिए भी साजिश रची गई। योजना बनी कि जेवर और नकदी देने के बाद वह डकैती की कहानी बताएगी। पुलिस के अनुसार तांत्रिक के कहने पर कारोबारी की पत्नी ने घर से नकदी 14 लाख रुपए सहित 20 लाख रुपए चोरी कर तांत्रिक को दे दिए। चोरी पकड़े जाने की डर से महिला ने अपने नाबालिग बेटे के साथ मिलकर उसे तथा अपने बेटे को बंधक बनाकर डकैती की झूठी कहानी गढ़ अपने पति को घर में डकैती होने की जानकारी दी। पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया है।

## बच्चों की शरारत ने पुलिस को उलझाया

### गैस चूल्हे से झुलसे बच्चे ने कैमिकल पावडर अटैक की कहानी गढ़ पुलिस को परेशान किया




*डीडीनगर थाना क्षेत्र में दो सगे भाई की शरारत की वजह से पुलिस दो दिन तक परेशान होती रही। सत्यम विहार कालोनी में रहने वाले टिकम लाल देवांगन के 12 वर्षीय बेटा अपने छोटे भाई के साथ झूठी कहानी गढ़ पुलिस को परेशान किया। टीकम लाल के बेटे ने बताया कि शनिवार दोपहर अपने छोटे भाई के साथ साइकिल में खेलने जाने के लिए निकला था, इसी दौरान घर के आगे कुछ दूरी पर बाइक सवार दो बदमाश उनकी बाइक को अवरटेक कर रोक लिया। बदमाश अपने हाथ में सिल्वर कलर के ग्लब्स पहने हुए थे और चेहरे में स्कार्फ बांधे हुए थे। एक बदमाश ने अपने हाथ में रखे केमिकल पावडर निकालकर उसके* ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ सत्यम विहार कालोनी का मामला

जल चढ़ाने गया था युवक

## फोटो खिंचाने के लिए गर्दन पर लटकाई सांप, डंसने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पवनी-बिलाईगढ़



विकासखंड अंतर्गत बालपुर के रहने वाले युवक की आज सांप के डसने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बालपुर निवासी खिलेश्वर चन्द्रा अपनी पत्नी और बहन को लेकर सावन के अंतिम सोमवार को सुबह करीब 5 बजे जैतपुर के प्रसिद्ध जैतेश्वर महादेव में जल चढ़ाने गया था, जहां ग्राम चारभांठा के सपेरा संजय द्वारा अपना जहरीला सांप को खिलेश्वर चंद्रा के गर्दन में फोटो खिंचाने के लिए लटका दिया। इस दौरान सांप ने खिलेश्वर के बॉए हाथ के उंगली को काट दिया। फिर आनन फानन में उसे घर लाया गया, जिसके बाद उसे कैथा इलाज के लिए ले जाया गया। वहां से उस सारंगढ़ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा खिलेश्वर चंद्रा को मृत घोषित कर दिया गया।

उदयपुर चाकूबाजी कांड

## छात्र ने तोड़ा दम, तनाव की स्थिति, इंटरनेट बंद

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

चार दिन पहले उदयपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में घायल स्टूडेंट की मौत हो गई है। एमबी अस्पताल में भर्ती छात्र की दोपहर करीब 3 बजे तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। छात्र के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

### पीड़ित परिवार के साथ खड़ी सरकार

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है भजनलाल सरकार। सरकार अपराधियों के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करेगी। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से है सतर्क है।

### नए इस्कॉन मंदिर में विराजे श्रीश्री राधा-रासबिहारी





**रायपुर।** टाटीबंध में 51 करोड़ से ज्यादा में नवनिर्मित इस्कॉन मंदिर बनने के बाद सोमवार को सुबह 5 बजे श्रीश्री राधा-रासबिहारी की स्थापना हरी नाम संकीर्तन के साथ की गई। मंदिर के अध्यक्ष एच.एच सिद्धार्थ स्वामी, उपाध्यक्ष सुलोचन कृष्ण दास, जनार्दन दास ने बताया कि विग्रह पूजन के बाद नए श्रीधाम में श्रीश्री राधारास बिहारी विराजमान हुए। इसके बाद मंगल आरती में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए।

सोशल मीडिया में हो रहा वायरल

## ओला स्कूटी की सर्विस से परेशान युवक ने ठेले में निकाली बारात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इलेक्ट्रिक स्कूटी खराब होने पर लगातार सर्विसिंग से परेशान युवक ने ठेले पर स्कूटी के साथ स्पीकर में कहा कि सुबह-शाम खा लेना केला लेकिन भूलकर भी ना लेना ओला। यह घटना शांति नगर भिलाई की है। यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। मिली ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वायरल होने के बाद एजेंसी से आया फोन

परेशान सागर ने सबक सिखाने के लिए खराब स्कूटी को ठेले पर रखा और माइक से कई तरह के तंज कसे। जब वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया तो एजेंसी से फोन आया। उसकी स्कूटी को बनाकर दिया गया, लेकिन रविवार शाम से वो फिर से खराब हो रही है।

अमरनाथ यात्रा छड़ी मुबारक की रस्म के साथ संपन्न

# 5 लाख से अधिक ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

एजेंसी ▶▶ जम्मू/अनंतनाग

श्री अमरनाथ यात्रा सोमवार को पवित्र छड़ी और विशेष पूजा के साथ संपन्न हो गई। इस वर्ष यात्रा ने रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दो दशक में चौथी बार ऐसा हुआ है, जब बाबा बर्फानी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पांच लाख से अधिक है। सोमवार को ही श्री बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा भी संपन्न हो गई। छड़ी मुबारक रविवार को महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ 5.10 लाख ने की अमरनाथ यात्रा

### 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा का समापन



कब कितने पहुंचे

- 2024- 5.10 लाख
- 2023- 4.50 लाख
- 2020- 3.04 लाख
- 2019-3.43 लाख

### 2023 के मुकाबले 50 हजार ज्यादा श्रद्धालु

अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में होती गिरावट में लगातार दूसरे साल बढ़ोतरी देखने को मिली है। 2023 में 4.5 लाख और इस साल 5 लाख तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं। साल 2012 में रिकॉर्ड 6.35 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए थे। 2022 में कोविड के कारण आंकड़ा घटा था और 3 लाख तीर्थयात्रियों दर्शन के लिए पहुंचे थे।

### कड़ी सुरक्षा के साथ सारे इंतजाम

*पिछली बार अमरनाथ यात्रा पर करीब 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार 6 लाख यात्रियों के आने की संभावना थी, उसी के हिसाब से तैयारी की गई थी। भीड़ ज्यादा होने की संभावना के बीच इंतजाम भी ज्यादा किए गए थे। कड़ी सुरक्षा के साथ ही पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप के लिए व्यवस्था की गई थी। ऑक्सीजन बूथ, आइसीयू बेड, एक्स रे, सोनोग्राफी मशीन और लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट से लैस दो कैंप अस्पताल बने थे।*




## चिंतन

# लेटरल एंट्री पर विपक्ष का स्यापा आधारहीन

सरकार में अहम पदों पर विशेषज्ञों की भर्ती के लिए बनाई गई व्यवस्था लेटरल एंट्री को लेकर कांग्रेस इन दिनों मोदी सरकार पर हमलावर है। राहुल गांधी इसे आरक्षण खत्म करने से जोड़कर पीएम मोदी की राजग सरकार पर रोजाना आरोप लगा रहे हैं। जबकि लेटरल एंट्री की व्यवस्था की कांग्रेस समय में सिफारिश की गई थी। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार सबसे पहले लेटरल एंट्री कॉन्सेप्ट लेकर आई थी। वर्ष 2005 में दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया और वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली इस आयोग के अध्यक्ष थे। प्रशासनिक आयोग ने लेटरल एंट्री के पक्ष में अपनी सिफारिश में कहा कि कुछ सरकारी भूमिकाओं के लिए विशिष्ट ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है, जो पारंपरिक सिविल सेवा के अधिकारियों में हमेशा उपलब्ध नहीं होती। ब्यूरोक्रेसी में लेटरल एंट्री का लक्ष्य टैलेंट पूल का निर्माण भी था। आयोग ने अपनी सिफारिश में कहा था कि ये प्रोफेशनल्स इकोनॉमी, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी और पब्लिक पॉलिसी जैसे सेक्टर में नया दृष्टिकोण और विशेषज्ञता लाएंगे। आयोग ने लेटरल एंट्री से नियुक्त होने वाले अधिकारियों के लिए पारदर्शी और योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया पर जोर दिया और उनके रिक्रूटमेंट और मैनेजमेंट की देखरेख के लिए एक डेडिकेटेड एजेंसी स्थापित करने का सुझाव दिया था। प्रशासनिक आयोग ने परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम के तहत लेटरल एंट्री से भर्ती होने वालों को उनके काम के लिए जवाबदेह बनाने और उनके योगदान का नियमित रूप से आकलन करने के लिए एक मजबूत परफॉर्मेंस मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने की सिफारिश की थी। आयोग का मकसद पेशेवरों का सिविल सेवाओं के साथ इंट्रीग्रेशन था। नीति आयोग ने 2017 में अपने तीन-वर्षीय एक्शन एजेंडा पर प्रस्तुत रिपोर्ट में केंद्र सरकार में मध्य और वरिष्ठ स्तर पर लेटरल एंट्री के जरिए नियुक्ति की सिफारिश की थी। दरअसल, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने 17 अगस्त को केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में लेटरल एंट्री के जरिए 45 पदों पर नियुक्ति के निए आवेदन मंगाए हैं। राज्य और केंद्रशासित प्रदेश सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू), रिसर्च इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी और यहां तक कि प्राइवेट सेक्टर में काम करने का अनुभव रखने वाले ऐसे लोग जो उचित योग्यता रखते हैं, लेटरल एंट्री के तहत आवेदन करने के पात्र हैं। दिव्यांग कैंडिडेट भी सभी पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। आमतौर पर ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं-भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) और अन्य 'ग्रुप ए' सेवाओं के अधिकारी तैनात किए जाते हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल 9 अगस्त को राज्यसभा में बताया था कि पिछले पांच वर्षों में लेटरल एंट्री के माध्यम से 63 नियुक्तियां की गई हैं। वर्तमान में, 57 प्रोफेशनल्स केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। लेटरल एंट्री के पीछे की सोच यह है कि सरकार ऐसे व्यक्तियों की विशेषज्ञता और कौशल का उपयोग करना चाहती है, जिनके पास किसी विशेष क्षेत्र में कार्य करने का लंबा अनुभव हो, फिर भले ही वे करियर डिप्लोमैट हों या न हों। भारत के अलावा भी कई देश हैं, जिसमें लेटरल सिस्टम हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया, यूएसए, यूके, फ्रांस, बेल्जियम, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया और स्पेन जैसे देश हैं। ऐसे में लेटरल एंट्री पर कांग्रेस का मौजूदा स्यापा केवल वोट बैंक साधने की रणनीति हो सकती है, लेकिन यह व्यवस्था सरकार में प्रोफेशनल्स के प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करती है।



दो टूक
अरविंद जयतिलक

# सेक्युलर सिविल कोड वक्त की जरूरत

**स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने एक बार फिर से सेक्युलर सिविल संहिता (यूसीसी) की वकालत की है। विपक्ष एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने देना भी नहीं चाहते हैं। जबकि 23 नवंबर, 1948 को यूसीसी पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता डा. आंबेडकर ने समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। एम मुंशी और अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर जैसे अनेक संविधानविद् भी देश में समान नागरिक संहिता चाहते थे।**

स्वाधीनता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के लिए सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत पर बल दिया जाना उचित ही है। आखिर देश में बांटने वाला ऐसा कानून क्यों होना चाहिए जो देश की एकता, अखंडता और भाईचारे के अनुकूल न हो। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा कि जो कानून धर्म के आधार पर बांटते हैं, ऊंच-नीच का कारण बन जाते हैं। ऐसे कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं है। देश की मांग है कि देश में सेक्युलर सिविल कानून हो।

गौर करें तो पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री ने देश के लिए समान नागरिक संहिता पर बल दिया है। उन्होंने मध्यप्रदेश की एक रैली में कहा था कि परिवार के एक सदस्य के लिए एक नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम हो ऐसे में घर नहीं चल पाएगा। मौजूदा समय में देश में विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति के मामले में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के पर्सनल मामले हिंदू विवाह अधिनियम से चलते हैं। जबकि मुसलमानों, ईसाइयों और पारसियों के लिए अलग पर्सनल लॉ हैं। एक सेक्युलर देश में इस तरह के कानून कहीं से भी एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के स्वरूप को रेखांकित नहीं करते हैं। ऐसे में अगर प्रधानमंत्री सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत बताते हैं तो यह जनभावना के अनुकूल ही है। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि तुष्टिकरण में जुटे तमाम सियासी दलों को यह भावना रास नहीं आ रही है। वे किस्म-किस्म के कुतर्कों के जरिए देश में सेक्युलर सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं।

मजेदार बात यह कि विपक्ष एक ओर संविधान की रक्षा की बात करते हैं, संविधान को हाथ में लेकर चलते हैं, बाबा साहब आंबेडकर की दुहाई देते हैं और दूसरी ओर संविधान के प्रावधानों को लागू होने देना भी नहीं चाहते हैं, जबकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि समान नागरिक संहिता एक पंथनिरपेक्ष विधि है जो सभी धर्मों के लोगों के लिए समान रूप से लागू होता है। वे यह भी जानते हैं कि 23 नवंबर, 1948 को इस मसले पर संविधान सभा में बहस हुई और भारत के पहले कानून मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहब आंबेडकर ने बहस करते हुए समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। डा. आंबेडकर ने तर्क दिया कि समान नागरिक संहिता की अनुपस्थिति सामाजिक सुधारों में सरकार के प्रयासों में बाधा उत्पन करेगी। डा. आंबेडकर के अलावा के एम मुंशी और अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर जैसे अनेक संविधानविद् भी चाहते थे कि देश में समान नागरिक संहिता लागू हो। के एम मुंशी ने कहा कि 'पूरे देश के लिए एक समान संहिता क्यों न हो।' अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने समान नागरिक संहिता पर बल देते हुए कहा कि 'जब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया और कहा कि वे संपूर्ण देश के लिए एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं तब उसका विरोध क्यों नहीं किया गया।' भारत का संविधान राज्य के नीति निर्देशक तत्व में सभी नागरिकों को समान नागरिकता कानून सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करता है। संविधान का अनुच्छेद 44 इस धारणा पर आधारित है कि सभ्य समाज में धर्म व वैयक्तिक विधि में कोई संबंध नहीं होता है। अतः समान नागरिक संहिता बनाने से किसी समुदाय के सदस्यों के



अनुच्छेद 25, 26 व 27 के अधीन प्रतिभूत मूल अधिकारों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। विवाह, उत्तराधिकार और इस प्रकार की सामाजिक प्रकृति की बातें धार्मिक स्वतंत्रता से बाहर हैं और उन्हें विधि बनाकर विनियमित किया जा सकता है। विवाह एवं उत्तराधिकार संबंधी हिंदू विधि भी इस्लाम व ईसाइयों की भांति ही धर्मसम्मत है। फिर जब हिंदू समाज संविधान की भावना का सम्मान करते हुए एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए अपनी धार्मिक मान्यताओं का परित्याग कर दिया और उनका संहिताबद्ध किया गया तो अन्य धर्मावलंबियों एवं मतावलबियों को इस तरह के आचरण का पालन क्यों नहीं करना चाहिए। 1956 में हिंदू विवाह कानून, उत्तराधिकार कानून, नाबालिग व अभिभावक कानून और गोद लेने व गुजारा भत्ता कानून लागू कर दिया गया लेकिन अल्पसंख्यक समुदायों को इस परिधि में नहीं लाया गया। समान नागरिक संहिता का विरोध करने वाले लोगों को विचार करना चाहिए कि जब दुनिया के सभी आधुनिक देश जिनमें मुस्लिम देश भी शामिल हैं और वहां समान नागरिक संहिता लागू है तो फिर भारत में भी ऐसा कानून क्यों नहीं बनना चाहिए। सीरिया, ट्यूनिशिया, मोरक्को, पाकिस्तान, ईरान, बांग्लादेश तथा मध्य एशियाई गणतंत्र समेत अन्य कई और मुस्लिम देशों में समान नागरिक संहिता को लागू किया गया है। मजेदार बात यह कि समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए देश की अदालतें भी अपनी सहमति की मुहर लगा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस दीपक गुप्ता और जस्टिस अनिरुद्ध बोस की पीठ कह चुकी है कि संविधान निर्माताओं ने राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 44 के जरिए यह उम्मीद जतायी थी कि राज्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करे। सरला मुद्गल बनाम भारत संघ मामले में भी सर्वोच्च अदालत कह चुका है कि संविधान के अनुच्छेद 44 पर नया दृष्टिकोण अपनाएं जिसमें सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' हो। जानवलामत्तम बनाम भारत संघ के ममाले में भी उच्चतम न्यायालय समान नागरिक संहिता के न बनाने को लेकर अपना दुख जता चुका है। न्यायमूर्ति कह चुके हैं कि संविधान को लागू हुए वर्षों गुजर गए और कई सरकारें आईं व गई फिर भी अनुच्छेद 44 में निहित संविधान के उक्त निदेश को कार्यान्वित करने के कर्तव्य का पालन किसी के द्वारा नहीं किया गया। दिल्ली उच्च न्यायालय भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कह चुका है। न्यायमूर्ति प्रतिमा एम सिंह की पीठ ने दो टूक कहा कि विवाह, तलाक और संपत्ति के बंटवारे के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्थाओं की मौजूदगी न्यायिक ढांचे के लिए चुनौती के साथ-साथ संविधान के प्रावधानों को लागू करने की राह में बाधा है। समान नागरिक संहिता के इतिहास में जाएं तो 1840 में ब्रिटिश राज में गठित समिति ने समान नागरिक कानून बनाने की वकालत की थी। 1985 में जब शाह बानो का मामला उछला तब भी इसकी आवश्यकता महसूस की गयी। शाह बानो एक 62 वर्षीय मुसलमान महिला और 5 बच्चों की मां थी जिन्हें 1978 में उनके पति ने तलाक दे दिया था। शाह बानों पति से गुजारा लेने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटायी।

अदालत ने निर्देश दिया कि शाह बानो का निर्वाह-व्यय के समान जीविका दी जाए। लेकिन तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार ने इस फैसले का पालन करने के बजाए संसद के जरिए फैसले को ही पलट दिया। मुस्लिम नेताओं ने 'ऑल इंडिया पर्सनल बोर्ड' नाम की एक संस्था बना ली और देश के सभी भागों में आंदोलन की धमकी दी। उस समय की सरकार कट्टरपंथियों के आगे झुक गई। यह रेखांकित करता है कि तत्कालीन सरकार ने तुष्टिकरण की सारी सीमाएं लांघ गयी। क्या ऐसे में आवश्यक नहीं हो जाता है कि देश को एक सेकुलर सिविल कोड की जरुरत है। अगर ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी इसकी आवश्यकता पर बल देते हैं तो रुदन-प्रलाप की क्या जरुरत है?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

सुरेश पचौरी



# सेवा, सादगी व समन्वय के प्रतीक थे शंकर दयाल शर्मा

देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल की माटी में जन्मे डॉ. शंकरदयाल शर्मा राजनीति में संत परंपरा के प्रतिनिधि और अनुपालक के रूप में सदैव स्मरण किए जाएंगे। डॉ. शर्मा का जन्म 19 अगस्त 1918 को भोपाल के गुलियादाई मोहल्ले में हुआ था। अपने सुदीर्घ सार्वजनिक जीवन में मानवीय मूल्यों के जो मान और प्रतिमान डॉ. शर्मा ने 'प्रतिपादित किए, वे अनुकरणीय, प्रेरक और वंदनीय हैं। अपनी प्रतिभा, लगन, कर्मठता, निष्ठा और व्यक्तिगत जीवन में साफ-सुथरी छवि के साथ उन्होंने भोपाल राज्य के मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के शिक्षामंत्री, भोपाल के सांसद, केन्द्रीय संचारमंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, आंध्रप्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र के राज्यपाल, भारत के उपराष्ट्रपति तथा राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया। डॉ. शर्मा जिस पद पर भी रहे उस पर उन्होंने अपनी कार्यकुशलता की अमिट छाप छोड़ी।

डॉ. शर्मा जनमानस से गहराई से जुड़े हुए थे। अपने तपोनिष्ठ जीवन और निरभिमानी व्यक्तित्व के सदगुणों से वे जन-जन के चहेते बने। वे भारतीय संस्कृति पुरुष ही नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब के ऐसे प्रतिनिधि रहे हैं, जिनमें आरती और अजान के संयुक्त भाव विद्यमान थे। उनकी मान्यता थी कि मानव सेवा से बढ़कर दूसरा कोई धर्म नहीं है। वे ज्ञानार्जन के लिए हर पल उत्सुक ज्ञानयोगी थे और राजयोगी भी थे। वे गुणी थे और गुणग्राहक भी थे। वे संविधान के अध्येता थे और उसके अनुरक्षक भी थे। अनुशासन के बिना जीवन और शासन उनके कल्पना से परे की बात थी।



डॉ. शंकरदयाल शर्मा कुशल शिक्षाशास्त्री थे। एम.ए. (हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी), उर्दू के आलिम फाजिल, एल.एल.एम., बारएट लॉ, डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (लंदन), एफआर.एस. (लंदन) एवं पी.एच.डी. (कैम्ब्रिज), बानडिन फेलोशिप ऑफ फारवर्ड स्कूल (अमेरिका), के साथ ही कानून में उनकी लिखी कई थीसिस आज भी मौलिक मानी जाती है। उन्होंने केमब्रिज में कानून भी पढ़ाया। वे लखनऊ विश्वविद्यालय में कानून के प्राध्यापक रहे हैं। 1949 में भोपाल रियासत के भारतीय संघ में विलीनीकरण आंदोलन की भागीदारी से लेकर 1992 में भारत के राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर पहुंचने तक की डॉ. शंकरंदयाल शर्मा की यात्रा कथा पड़ाव-दर-पड़ाव विविध अनुभवों से गुजरते चले जाने की एक ऐसी कहानी है जिसमें उनकी लगन, दृढ़ संकल्प, विद्वत्ता, संघर्षशीलता और कर्मठता का पग-पग पर परिचय मिलता है। डॉ. शर्मा 1952 से 1956 तक भोपाल राज्य के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने भोपाल के चहुमुखी विकास की दिशा में कीर्तिमान स्थापित किए। उन्हें आधुनिक भोपाल के निर्माता के रूप में सदा याद किया जाएगा। भोपाल के सर्वांगीण विकास में डॉ. शर्मा का अविस्मरणीय योगदान रहा है। भोपाल जो कभी सीहोर जिले की एक तहसील हुआ करता था, डॉ. शर्मा की सूझबूझ भरी कोशिशों से मध्यप्रदेश की राजधानी बना। भोपाल में बीएचईएल का कारखाना लाने का श्रेय भी डॉ. शंकरदयाल शर्मा को है। इनके अलावा डॉ. शर्मा के अनवरत प्रयासों से भोपाल में गांधी मेडिकल कालेज, हमीदिया कालेज, रीजनल कालेज, मौलाना आजाद इंजीनियरिंग कालेज जो अब मेनिट कहलाता है, जैसे बड़े शिक्षण संस्थान स्थापित हुए। डॉ. शंकरदयाल शर्मा के विशेष प्रयासों से भोपाल में 'ज्यूडिशल एकेडमी' बनी, जो पूरे देश में ज्यूडीशियरी के प्रशिक्षण को अनूठा संस्थान है।

डॉ. शर्मा का पूरा जीवन, राष्ट्र और राष्ट्रीयता एवं उनमें समाहित मूल्यों से ओतप्रोत रहा है। वे भारतीय संस्कृति की प्रतिमूर्ति रहे हैं। उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आये, पर उन्होंने सिद्धांतों को कभी नहीं छोड़ा। डॉ. शर्मा स्तरहीन, व्यक्तिगत राग-द्वेष की राजनीति एवं आलोचना-प्रत्यालोचना के प्रपंच से परे रहे। उनमें समय को पहचानने और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता थी। अपनों से अपनो के लिए लाभ नहीं लेना और विरोधियों को भी अपमानित नहीं करना, उनकी कार्यशैली रही है। डॉ. शंकरदयाल शर्मा सन 1987 में सर्वसम्मति से भारत के उपराष्ट्रपति बने। जुलाई 1992 में डॉ शर्मा भारत के राष्ट्रपति बने। भोपाल की माटी के इस महान सपूत डॉ. शर्मा का सार्वजनिक जीवन निश्कलंक रहा है। वे हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

(लेखक भारत सरकार में रक्षा उत्पादन, कार्मिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री रहे हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित
**दर्शन**

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित
**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कब सुरक्षित होंगी बेटियां

देश में बेटियों की सुरक्षा को लेकर भले ही तमाम बातें की जाएं, लेकिन कड़वी हकीकत यह है कि बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हालही में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला मेडिकल कालेज में एक ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी का है। कितनी शर्मनाक और निंदनीय है कि आजादी के इतने वर्षों बाद और जिस देश में लड़कियों की रक्षा के लिए रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है, वहां आज भी लड़कियां सुरक्षित नहीं है।सरकार को ऐसे हैवानो को कठोर से कठोर सजा देनी चाहिए ताकि फिर से कोई और दूसरा सपने में भी ऐसी हैवानियत के बारे में न सोचे। अगर बच्चों को बचपन से ही नैतिकता का सबक पढ़ाया जाए, तो हमारे समाज में बढ़ रहे गलत कामों पर लगाम लग सकती है।

*-वीरेंद्र कश्यप, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

### वर्ष 2023 में रिकॉर्ड संख्या में सहायता कर्मी मारे गए

संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को कहा कि पिछले साल दुनिया भर में संघर्षों में रिकॉर्ड संख्या में सहायता कर्मी मारे गए तथा वर्तमान साल और भी घातक हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामले समन्वय कार्यालय ने कहा कि 2023 में 33 देशों में 280 सहायता कर्मी मारे गए, जो पिछले वर्ष के 118 के आंकड़े से दोगुने से भी अधिक है। इसने कहा कि पिछले साल सहायता कर्मियों की आधी से अधिक मौतें अक्टूबर में शुरू हुए इज़राइल-गाजा युद्ध के पहले तीन महीनों में दर्ज की गईं, जिनमें ज्यादातर लोग हवाई हमलों में मारे गए। कार्यालय ने कहा कि यह वर्ष 'और भी घातक परिणाम की राह पर हो सकता है' क्योंकि 7 अगस्त तक 172 सहायता कर्मियों की मौत हो चुकी है। ओसीएचए के अनुसार, गाजा में अब तक 280 से अधिक लोग मारे गए हैं जिनमें से अधिकतर फलस्तीनी शरणार्थियों से संबंधित संयुक्त राष्ट्र एजेंसी से जुड़े थे। इसने कहा कि 'सूडान और दक्षिण सूडान में भीषण हिंसा' भी इस वर्ष और पिछले वर्ष मौतों का कारण रही है। संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक आपातकालीन राहत समन्वयक जॉयस मसूया ने एक बयान में कहा, 'सहायता कर्मियों के खिलाफ हिंसा का सामान्यीकरण और जवाबदेही की कमी हर जगह सहायता कार्यों के लिए अस्वीकार्य एवं अत्यधिक हानिकारक है।'



## ऑफ बीट

### अतिरिक्त सीओ-2 से पेड़ों में ज्यादा लकड़ी बनती है

जब वातावरण में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ-2) होती है, तो बलूत (ओक) के पेड़ों में ज्यादा मात्रा में लकड़ी बनने लगती है। इंग्लैंड के स्टैफोर्डशायर में एक पुराने जंगल में किए गए हमारे नये अध्ययन में यह अहम निष्कर्ष निकला है। अध्ययन के दौरान हमने जंगल में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड छोड़ी। जब हमने कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर को 2050 में वातावरण में होने वाले अनुमानित स्तर तक बढ़ा दिया, तो पेड़ों ने अधिक मात्रा में सीओ-2 अवशोषित की और उनमें 10 प्रतिशत तक ज्यादा लकड़ी बनती मिली। हम जानते हैं कि वायुमंडल में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड अक्सर पौधों की तेजी से बढ़ने और बड़ा होने में मदद कर सकती है, क्योंकि प्रकाश संश्लेषण कार्बन को अवशोषित करता है, जिससे पौधे तैयार होते हैं। हालांकि, अब तक किसी पुराने जंगल (ऑस्ट्रेलियाई यूकलिप्टस वन) पर किए गए एकमात्र तुलनात्मक अध्ययन में अतिरिक्त कार्बन डाइऑक्साइड और पेड़ों की विकास दर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है। लेकिन हमारा काम दिखाता है कि यह संबंध वास्तव में मौजूद है-कम से कम कुछ सामान्य चौड़ी पत्ती वाले पेड़ों के जंगल में।



## ट्रेंड

### निर्बाध यात्रा सुनिश्चित

बढ़ती हवाई कनेक्टिविटी पर्यटन और वाणिज्यिक विकास के लिए अच्छी खबर है। पश्चिम बंगाल के बागडोगरा और बिहार के बिहटा में नए नागरिक परिक्षेत्रों को मंजूरी दे दी है। निर्बाध यात्रा सुनिश्चित होगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### बात कुछ खास

भारत की बात ही कुछ खास है। हमारे यहां के ज्वाइंट फैमिली का कल्चर भाई और बहन के रिश्ते को एक अनूठा रूप देता है। सबसे बड़ा भाई होने के कारण मैं हमेशा अपने छोटे भाई-बहनों के लिए ज़िम्मेदार रहा। रक्षा बंधन पर आप सभी को दिल से शुभकामनाएं देता हूं।

**-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**



### आवाज खामोश है

बंगाल की घटना पर वहां की मुखर रहने वाली आवाज़ ख़ामोश है। अपने नाम में पति का नाम ना आ जाए कहने वाली विजयी आवाज़ ख़ामोश है। ये पार्टी की स्त्रियां हैं जो महिलाओं की नहीं पार्टी के हित देखकर आवाज़ बुलंद करती हैं।

**-कुमार विश्वास, हिन्दी कवि**



### अच्छा लगा

दर्शना और भारती मेरे मॉर्निंग वॉक के दोस्तों की टोली से हैं। ये दोनों 5-7 साल की थी जब मैं इनको मिला था। हमारी दोस्ती तब से चल रही है! आज रक्षा बंधन के दिन इन दोनों से राखी बंधवाकर अच्छा लगा।

**-अनुपम खेर, अभिनेता**



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# ‘छावा’ का टीजर रिलीज, शेरों से दहाड़ते दिखे विक्की कौशल

**नई दिल्ली।** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा अपनी अनाउंसमेंट के बाद से ही चर्चा में है। खैर लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 19 अगस्त को इसका टीजर रिलीज हो गया है। ये फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होगी। इसे स्त्री 2 से पहले दिखाया गया था और इसने पहले ही फैन्स को इंप्रेस कर लिया है। फर्स्ट लुक में युद्ध के कई सीन हैं जिसमें विक्की को महान छत्रपति शिवाजी महाराज के दुर्जेय पुत्र के रूप में दमदार तरीके से इंट्रोड्यूस किया गया है। टीजर की शुरुआत छत्रपति संभाजी महाराज के रूप में विक्की कौशल के इंट्रो से होती है। वह एक बहादुर सैनिक की तरह लड़ते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# आलिया
## पसंद हैं महंगे बैग

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया भट्ट बॉलीवुड की बेहद पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अभिनय के अलावा प्रोफेशनल क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाती हैं। हाल ही में, उन्होंने ‘पोचर’वेब सीरीज का प्रोडक्शन किया। यह सीरीज जानवरों के शिकार के बारे में जागरुकता पर आधारित है।

इसका निर्माण आलिया ने क्यूसी एंटरटेनमेंट के एडवर्ड एच. हैम जूनियर, रेमंड मैन्सफील्ड और सीन मैककिट्रिक के साथ मिलकर किया है। हालांकि, अवैध पशु शिकार के खिलाफ कदम उठाने के तुरंत बाद अभिनेत्री नेटिजन्स के निशाने पर आ गईं। उन्होंने कहना शुरू कर दिया कि आलिया के पास कई चमड़े के उत्पाद हैं। इसके लिए उनकी काफी आलोचना भी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने एक साक्षात्कार में बताया था कि किशोरावस्था में उन्होंने अपने पैसे से जो पहली महंगी चीज खरीदी थी, वह लुई वुइटन बैग था। इसके बारे में उन्होंने विस्तार से बताते हुए कहा, ‘मैं बैग पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च करती हूं। मुझे वे बहुत पसंद हैं।’आलिया भट्ट वर्तमान में प्रतिष्ठित फैशन लेबल, ‘गुच्ची’ की ‘ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर’ हैं। 5 मार्च, 2024 को मुंबई के जियो वर्ल्ड प्लाजा में ब्रांड के स्टोर लॉन्च के दौरान, आलिया ने इसमें शिरकत की। इस दौरान उन्होंने उसी ब्रांड का काले रंग का लेदर काफ हैंडबैग लिया था, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक वेबसाइट पर बैग की कीमत 2,35,967 रुपए थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक बार साल 2021 में, आलिया को ‘स्पीक अप फॉर एनिमल्स’ कैप्शन वाली टी-शर्ट पहने देखा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# अगले साल सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने डी23 में अपनी कई एनिमेटिड फिल्मों को लेकर घोषणा की। ये दिन एनिमेटिड फिल्मों को पसंद करने वालों के लिए बड़ा ही यादगार रहा। कैलिफोर्निया के एनाहिम में आयोजित डी23 फैन इवेंट में डिज्नी ने ‘लिलो एंड स्टिच’ की रिलीज को लेकर भी ऐलान किया। डी23 में फिल्म के आगामी लाइव-एक्शन रीइमेजिनिंग से स्टिच चरित्र डिजाइन की भी पहली झलक पेश की गई। ‘लिलो एंड स्टिच’ 2025 की गर्मियों में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# रॉबर्ट बन गया सबसे ज्यादा फीस लेने वाला स्टार...

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने सभी मार्वल फैन को तब चौंका दिया जब उन्होंने ऐलान किया कि वह एमसीयू में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, सबके चहेते आयरन मैन के रूप में नहीं, बल्कि इस बार खलनायक डॉक्टर डूम के रूप में। अब, अगर नई रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर दो फिल्मों में रोल निभाने के लिए बहुत ज्यादा पैसे ले रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, रुसो ब्रदर्स - जो रुसो और एंथनी रुसो - को एवेंजर्स: डूम्सडे और एवेंजर्स: सीक्रेट वॉर्स का डायरेक्शन करने के लिए चुना गया है, जिसमें डॉक्टर डूम का किरदार होगा और कथित तौर पर डायरेक्टर जोड़ी को दोनों फिल्मों के डायरेक्शन के लिए $80 मिलियन, यानी लगभग 670 करोड़ रुपए की पेमेंट दी जा रही है। इतना ही नहीं, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि उन्हें इस भारी भरकम रकम के साथ और भी सुविधाएं दी जाएंगी।




# ‘द बकिंघम...’ का नया पोस्टर रिलीज...

**नई दिल्ली।** ‘द बकिंघम मर्डर्स’ के नए पोस्टर के रिलीज होने के बाद से इसके लिए एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। ये सस्पेंस थ्रिलर, करीना कपूर खान की मौजूदगी के साथ दर्शकों को उम्मीदें देते हुए उन्हें उन्हें फुल रोमांच देने का वादा करता है। सोमवार को मेकर्स ने जो पोस्टर रिलीज किया है, उसमें मिस्ट्री और एक्साइटमेंट दोनों का ही अहसास है जो फिल्म की थ्रिल से भरी कहानी को अच्छे से समेटे हुए है। यह पोस्टर की तरफ ध्यान ले जा रहा है। वह एक ग्रिपिंग और सस्पेंस से भरी फिल्म के लिए सही टोन सेट कर रहा है। करीना कपूर खान जो अपनी कमाल की परफॉर्मेंस के लिए जानी जाती है। वह इस बार भी सभी को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। हंसल मेहता के कमाल के डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म को एकता कपूर ने सपोर्ट किया है।




# 10 अक्टूबर को कंगुवा से भिड़ेगी वेट्टैयन

**मुंबई।** रजनीकांत की ‘वेट्टैयन’ इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के लिए सुपरस्टार ने निर्देशक टीजे ज्ञानवेल के साथ हाथ मिलाया है। निर्माताओं ने ऐलान किया है कि ‘वेट्टैयन’ इस साल 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के नए पोस्टर में रजनीकांत पुलिस की वर्दी पहने धांसू अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने काला चस्मा भी पहना हुआ है। पोस्टर पर प्रदर्शन कर रहे लोगों की भीड़ भी दिखाई गई है। हालांकि, प्रशंसकों को थोड़ा झटका भी लगा है, क्योंकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अकेली रिलीज नहीं होगी। 10 अक्टूबर को ‘वेट्टैयन’ बॉक्स ऑफिस पर साउथ सुपस्टार की फिल्म ‘कंगुवा’ के साथ भिड़ेगी। ‘कंगुवा’ में सूर्या के साथ बॉबी देओल भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन कोरताला शिवा ने किया है।

# ‘खतरों के खिलाड़ी-14’ से एलिमिनेट हुईं अदिति, जाते-जाते हुईं भावुक...

**नई दिल्ली।** स्टंट बेस्ड रियलिटी शो ‘खतरों के खिलाड़ी सीजन 14’ का बीता हफ्ता बेहद मुश्किल रहा। खासकर निमृत कौर अहलूवालिया के लिए। क्योंकि वह बनी थीं कैप्टन और उनकी टीम सुमोना चक्रवर्ती की टीम से बुरी तरह हार गई। ऐसे में पूरी टीम एलिमिनेशन में आई और उसमें से अदिति शर्मा एविक्ट हो गईं। वहीं, शालीन भनोट स्टंट जीतकर सुरक्षित हो गए। हालांकि, एक्ट्रेस घर नहीं जाना चाहती थीं। मगर, वह पहले ही घबरा गई थीं कि स्टंट सही से कर न सकीं। अदिति ने 151 बिच्छू इकट्ठा किए थे और शालीन ने 168 बिच्छू इकट्ठा किए थे। अदिति स्टंट हार जाने के कारण एलिमिनेट हो गईं। मगर जाते-जाते उन्होंने रोते हुए कहा कि जितना भी किया अपनी क्षमता से ज्यादा किया। निमृत ने अदिति शर्मा के साथ अपने रिश्ते को सुधारा और अंत में अदिति से कहा कि वह उससे नफरत न करे क्योंकि उसके पास कोई ऑप्शन नहीं था। निमृत ने कहा कि उनके लिए पिछला हफ्ता आसान नहीं रहा। और इस बार भी उन्होंने अपना 100 पर्सेंट दिया। मगर किस्मत ने साथ नहीं दिया। इसके बाद रोहित शेट्टी ने शालीन और अदिति से स्टंट करवाया। जिसमें उनका अपना सिर एक बॉक्स जैसे ताबूत में रखा था, जो घूम रहा था।



# स्त्री-2 ने बंपर कमाई से बनाया रिकॉर्ड
## गदर-2, जवान, बाहुबली-2 की कैटेगरी में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** पेड प्रीव्यूज से लेकर रविवार (18 अगस्त) तक स्त्री 2 को रिलीज हुए 5 दिन हो गए और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तूफान उठाया हुआ है और इस तूफान से उठी धूल में वेदा और खेल खेल में में जैसी फिल्में कहीं खो गयीं. स्त्री 2 ने पेड प्रीव्यू में 8.5 करोड़, गुरुवार को 51.8 करोड़, शुक्रवार को 31.4 करोड़, शनिवार को 43.85 करोड़ और रविवार को 55.9 करोड़ की कमाई की यानी पेड प्रीव्यू मिलाकर फिल्म ने 5 दिनों में देश में 191.45 करोड़ की नेट कमाई की है। वहीं, दुनियाभर में 5 दिनों में इसका कलेक्शन 273 करोड़ है। शायद फिल्म 6 दिनों में दुनियाभर में 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर जाए। जबकि, शाहरुख खान की जवान और पठान की तो ये फिल्में 4 दिनों में 200 करोड़ क्लब में एंटर कर गई थी और ये आंकड़ा नेट था यानी एंटरटेनमेंट टैक्स हटाकर. स्त्री 2 के पेड प्रिव्यूज को अलग कर दें तो सोमवार को फिल्म का पांचवा दिन था और ये फिल्म अपने पांचवे दिन 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। यानी ये फिल्म अभी जवान और पठान से तो पीछे है पर इसे गदर 2, केजीएफ चैप्टर 2 और बाहुबली 2 की कैटेगरी में रखा जा सकता है, क्योंकि इन फिल्मों ने 200 करोड़ का आंकड़ा 5 और 6 दिनों में पूरा किया था।



# 11 साल की उम्र में छोड़ा घर, चमकी किस्मत और बन गए 90 के सुपरस्टार, लेकिन एक झूठे केस में जेल में सोने को हुआ मजबूर

*__नई दिल्ली।__ किस्मत कब किसकी पलट जाए कभी किसी को नहीं पता होता. ऐसा ही कुछ ‘ना-ना-ना-ना रे’ गाने से घर-घर मशहूर पॉप गायक दलेर मेहंदी के साथ हुआ। उनकी जिंदगी में बुरा दौर भी आया था, जब उन्हें जेल की फर्श पर सोना पड़ा था। एक अधिकारी ने उनके साथ बदसलूकी भी की थी।*

*11 साल की उम्र में अपना घर छोड़ने वाले दलेर मेहंदी ने महज 5 साल की उम्र से ही गाना सीखना शुरू कर दिया था। उन्होंने गोरखपुर के उस्ताद राहत अली खान से संगीत सीखा था। दलेर ने 13 साल की उम्र में स्टेज पर परफॉर्म करके सबका दिल जीत लिया था। दलेर मेहंदी का जन्म 18 अगस्त 1967 को बिहार के पटना में हुआ था, उन्हें बचपन से ही गाने का शौक था। सिंगर के साथ ही दलेर मेहंदी लेखक और रिकॉर्ड प्रोड्यूसर भी हैं। उनका गाना ‘ता रा रा रा’ लोगों को काफी पसंद आया था, इस गाने के बाद वो काफी लोकप्रिय हो गए थे। दलेर मेहंदी ने गानों और म्यूजिक से पंजाबी इंडस्ट्री में धमाल मचा दिया। उन्होंने पंजाबी इंडस्ट्री के अलावा बॉलीवुड के लिए भी कई गाने गाए हैं।*



*दलेर मेहंदी के हिंदी फिल्मों में करियर की शुरुआत सुपरस्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म ‘मृत्युदाता’ से हुई थी। यह फिल्म साल 1997 में आई थी। इस फिल्म में उन्होंने ‘ना ना ना रे’ गाना गाया था, जो काफी मशहूर हुआ। इस गाने को खुद दलेर मेहंदी ने कंपोज भी किया था। इस गाने से दलेर मेहंदी घर-घर मशहूर हो गए थे। इसके बाद 1997 में आया गाना ‘रब रब’ गाने ने धमाल मचा दिया था। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष पॉप सिंगर के अवॉर्ड से नवाजा गया था।*

*सफलता के शिखर पर पहुंचकर लोकप्रियता की बुलंदियों को छूने के बाद दलेर मेहंदी की जिंदगी में बुरा दौर भी आया था। साल 2003 में दलेर मेहंदी और उनके भाई शमशेर सिंह का नाम कबूतरबाजी केस में सामने आया था। दलेर पर आरोप था कि शो के लिए जाते वक्त वो अवैध तरीके से 10 लोगों को अपने साथ अमेरिका ले गए। इस मामले में दलेर मेहंदी को 2 साल जेल में भी रहना पड़ा था, जहां उनके साथ बहुत बदसलूकी हुई थी। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि वो सबसे खराब दौर था, मुझे झूठे केस में फंसाया गया था। जेल में एक पुलिस अधिकारी ने मेरे साथ बदसलूकी और अप-शब्द कहे। उन्हें कोई भी वीआईपी सुविधा नहीं मिली थी और उनको जेल की फर्श पर भी सोना पड़ा था।*

# मुकेश ने कपिल को बताया ‘असभ्य’

**नई दिल्ली।** ‘शक्तिमान’ और ‘महाभारत’ जैसे शोज से फेमस हुए मुकेश खन्ना लगातार विवादों में छाए रहते हैं। उन्होंने कई एक्टर्स की आलोचना की है और अब कपिल शर्मा को असभ्य बताया है। एक्टर ने किस्सा सुनाया और बताया कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा। उन्होंने कहा, ‘कपिल शर्मा को मैं जानता नहीं था। पर देखो मैं आपको नहीं जनता हूं, मगर आप मुझे जानते हो।’ ‘हमारे यहां पर एक तरह का कस्टम है, रिवाज है, शिष्टाचार है, हैलो और कैसे हैं आप? बस इतना बोलना पड़ता है और इतना बोलना भी चाहिए। ये आदमी (कपिल शर्मा) बैठ गया, मैंने कहा पानी में जा, मेरे को बुरा नहीं लगता, लेकिन मुझे लगता है कि असभ्य है।’ मतलब मुकेश खन्ना को कपिल शर्मा ने हाय-हेलो नहीं कहा। वह आए और सीधे बैठ गए। इसलिए एक्टर को कॉमेडियन असभ्य लगे। उन्होंने कहा कि एक अवॉर्ड फंक्शन में कपिल उनके सामने बैठ गए थे। दिग्गज अभिनेता ‘प्यार का दर्द मीठा मीठा प्यारा प्यारा’ के लिए पुरस्कार लेने आए थे।



## संजय दत्त और सैफ ने लाडली बहनों संग धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन

# सारा अली खान ने भाइयों जेह और इब्राहिम को बांधी राखी

*__नई दिल्ली।__ पूरा देश और बॉलीवुड ने भी भाई-बहन के प्यार का जश्न मनाने वाला त्योहार रक्षाबंधन मनाया। इस मौके पर कई मशहूर हस्तियों ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने बचपन और अनदेखे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें उनके भाई-बहनों के साथ उनके रिश्ते की झलक दिखाई गई है। सोनम कपूर से लेकर संजय दत्त तक और सारा अली खान ने अपने भाई-बहनों के साथ राखी की फोटोज शेयर कीं। रकुल प्रीत सिंह, सबा पटौदी भी इस लिस्ट में शामिल हो गईं।*

**सारा :** सारा ने अपने इंस्टा हैंडल पर कई सारी फोटोज पोस्ट कीं। पहली और दूसरी तस्वीर में सारा इब्राहिम को राखी बांधती नजर आ रही हैं जबकि जेह उनकी तरफ देख रहे हैं। तीसरी तस्वीर में सारा अपने सौतेले भाई जेह को मिठाई खिलाती नजर आईं, जो अपनी मां करीना कपूर की गोद में बैठे थे। अगली तस्वीर में पटौदी परिवार को दिखाया गया, जिसमें सैफ अली खान, करीना कपूर खान, सारा अली खान, इब्राहिम अली खान, सोहा अली खान और जेह शामिल थे। पीले रंग का सूट पहने सारा बेहद खूबसूरत लग रही थीं।



**संजय दत्त :** संजय दत्त ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी बहनों प्रिया और अंजू के साथ तस्वीरें शेयर कीं। एक्टर ने एक प्यारा सा नोट लिखा- आप दोनों को मेरे साथ पाकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। प्रिया और अंजू, मेरा निरंतर समर्थन बने रहने के लिए धन्यवाद। आप दोनों को बेहद प्यार! आपको रक्षा बंधन की शुभकामनाएं।



**सबा पटौदी :** सबा पटौदी ने सैफ अली खान सहित अपनी बहन और भाभी के साथ फोटोज शेयर कीं।



**भूमि पेडनेकर :** भूमि पेडनेकर ने भी इस मौके को अपनी बहन समिशा पेडनेकर के साथ मनाया, जिन्होंने अपनी बड़ी बहन को राखी बांधी। एक्ट्रेस ने एक और फोटो शेयर की, जो काफी प्यारी थी।



**जेनेलिया डिसूजा :** जेनेलिया डिसूजा भी इस लिस्ट में शामिल हो गईं और उन्होंने अपने भाई निगेल के साथ एक फोटो शेयर की। एक्ट्रेस ने उनके लिए एक नोट भी लिखा। उन्होंने लिखा, ‘मैं एक बात जानती हूं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं जीवन में कहां हूं और अगर मुझे कभी आपकी जरूरत होगी, तो आप वहां होंगे और किसी भी बहन के लिए, किसी भी इंसान के लिए यह सबसे बड़ा आशीर्वाद है, आपके होने के लिए धन्यवाद मेरा।’



**रकुल प्रीत सिंह :** रकुल प्रीत सिंह ने भी एक अनोखे कैप्शन के साथ अपने भाई के साथ फोटोज शेयर कीं। उन्होंने लिखा- तो यह साल का वह समय है जब आप मुझे गिफ्ट देते हैं और मेरी रक्षा करने का वादा करते हैं और मेरी हर बात सुनते हैं और मेरे सभी आदेशों का पालन करते हैं।



**गुमशुदा**



**नाम मनप्रीत कौर** उम्र लगभग 37 वर्ष पति विक्रम सिंह ग्राम देवपुरी (गुरूद्वारा) रायपुर छ.ग. का निवासी है, दिनांक 19/08/2024 दिन सोमवार को सलवार शूट पहनी हुई है, इनका दिमागी हालत ठीक नहीं रहता है। उनका ईलाज चल रहा है, घर वाले बहुत परेशान है सभी बहुत ढूंढ रहे हैं, जिस किसी सज्जन को यह व्यक्ति दिखे तो कृपया इस नंबर पर सूचित करें। **सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।**

**विक्रम सिंह- 9329779281**
**जसबीर सिंह- 9131386522**

## जैकेट के शेष

### भाजपा के 18 करोड़...

आगाज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पहला सदस्य बनाकर किया जाएगा। मंगलवार को सदस्यता अभियान को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में होने वाली बैठक में प्रदेश में चलाए जाने वाले सदस्यता अभियान और बूथ से लेकर मंडल और जिलों में होनी वाली सदस्यता कार्यशाला पर फैसला होगा। बैठक में प्रदेश में सदस्यों का लक्ष्य भी तय होगा। सदस्य संख्या को 50 लाख करने की तैयारी है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दिल्ली में सभी राज्यों के संगठन के पदाधिकारियों को बुलाकर सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी कार्यशाला की। इसमें फैसला किया गया है कि भाजपा का सदस्यता अभियान इस बार नए सिरे से होगा। जो पुराने सदस्य हैं, उनको फिर से सदस्य बनाने के साथ नए सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। पुराने सदस्यों के अलावा इस बार देशभर में दस करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। राज्यों को अपने राज्यों के हिसाब से लक्ष्य तय करना है।

### प्रदेश में 50 लाख...

हर बूथ के लिए नए और पुराने सदस्य मिलाकर दो सौ का लक्ष्य रखा जाएगा। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ है। ऐसे में सदस्यों की संख्या 50 लाख के आसपास हो जाएगी। राजधानी रायपुर के साथ बड़े जिलों बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, रायगढ़, कोरबा का लक्ष्य ज्यादा बड़ा होगा। इसी के साथ संभावना है कि मंत्रियों के जिलों को भी ज्यादा लक्ष्य दिया जाएगा।

### सीएम बन सकते हैं...

लिए मुख्यमंत्री ने सहमति प्रदान की। इस मुलाकात के दौरान लगभग 30 खेलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से श्री विक्रम सिसोदिया ( पूर्व सह सचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ ), कैलाश मुरारका (तीरंदराजी), अकरम खान (व्हालीबाल, शरद शुक्ला (टेबल टेनिस), सहीराम जाखड़ (तैराकी), डा. गांधी (फुटबाल), संजय मिश्रा (बैडमिन्टन), राजेन्द्रन (बाक्सिंग), अनूप यदु (नेट बाल), आर. के. श्रीवास्तव (रोइंग), जगन्ना यादव (कुश्ती), प्रशांत रघुवंशी (काइडिंग) रवीन्द्र मिश्रा (लॉन बॉल) एवं विभिन्न खेलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उमस से उबले...

के दूसरे सप्ताह के बाद प्रदेश में बारिश की गतिविधि में कमी आई है। इसके बाद बरसात का दौर सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के क्षेत्रों में नजर आया है। दुर्ग, रायपुर और बस्तर संभाग में वर्षा की सक्रियता घटते क्रम में रही है। रविवार को दोपहर में राजधानी में हल्की बारिश हुई थी। सोमवार को आसमान पूरी तरह साफ हो गया और चमकीली धूप ने लोगों को हलाकान कर दिया। तेज धूप के प्रभाव से गर्मी ने भी अपना असर दिखाया और लोग उमस से परेशान होते रहे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो दिन तक मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश की गतिविधि कम रहने की संभावना है। तेज वर्षा उत्तरी हिस्से में जरूर हो सकती है। सिस्टम अपने बदलते स्वरूप के साथ अगर आगे बढ़ता है, तो 22 अगस्त के बाद राज्य में व्यापक बारिश हो सकती है।

**चार दिन में एमपी तक पहुंच सकता है सिस्टम :** मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार एक निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिणी बांग्लादेश और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा भी विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्री गंगानगर, दिल्ली, कानपुर, डेहरी, बांकुरा, निम्न दाब के केंद्र और उसके बाद उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

### राजधानी का तापमान...

बिलासपुर 33.8 डिग्री तक पहुंच गया। पिछले चौबीस घंटे में सबसे अधिक बारिश कुमसी में सात सेमी., सोनहत में 6 सेमी., बरपाली और कुनकुरी में 5 सेमी. तक वर्षा दर्ज की गई।

### महादेव सटोरिया के भाई...

सालों से महादेव ऑनलाइन सट्टा एप का पैनल चलवाता था। जामुल थाने में महादेव सट्टा एप का पैनल चलाने के मामले में पहले लुकेश को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। दीपक नेपाली जुलाई 2024 से हत्या के प्रयास के मामले में दुर्ग जेल में सजा काट रहा है। उसकी सुरक्षा को लेकर लुकेश ने अपने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर कर दुर्ग एसपी को संबोधित करते इन बातों को कहा है। उसके बाद लुकेश ने सोशल मीडिया से वीडियों को हटा दिया, लेकिन तब तक वीडियो वायरल हो चुका था। वीडियो को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि वह रिकवेस्ट कर रहा है। नशे में बोला है।

### वायरल वीडियो...

कोई रिमांड में मत लीजिए। मैं उनके साथ कुछ गलत नहीं करना चाहता हूं। बस आप मेरी फीलिंग को समझिए। आपके घर में भी बीवी-बच्चे हैं और आपके भी बच्चे बड़े होंगे। तकदीर हर किसी की खराब होती है। हर किसी को ऊपर जाना है। मुझे भी जाना और किसी को भी जाना है।

### नगरीय निकाय और...

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग बिजली के सबसे बड़े बकायादार हैं। नगरीय निकायों का जहां 1115 करोड़ बिजली बिल बकाया है, वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भी 286.63 करोड़ के बकाये के साथ दूसरे क्रम पर है। आईएएस एसोसिएशन पर ही 55 लाख 91 हजार 460 रुपए का बकाया है। सरकारी विभागों पर बिजली कंपनी का बकाया 1 हजार 784 करोड़ रुपए है। इस तरह रसूखदारों की वजह से सीएसपीडीसीएल का बकाया 4 हजार 394 करोड़ तक पहुंच गया है।

**सरकारी विभाग 1784 करोड़ के कर्जदार :** सीएसपीडीसीएल को चपत लगाने में निजी सेक्टर और उद्योगों के साथ सरकारी विभागों ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। सरकारी विभागों ने 1784.45 करोड़ का बिल नहीं पटाया है। इनमें पंचायत, नगरीय निकाय के साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग ने 75.42 करोड़, चिकित्सा विभाग ने 64.20 करोड़ और गृह विभाग ने 29.75 करोड़ का बिल नहीं पटाया है। कुल 34 विभागों से 1784.45 करोड़ की लेनदारी है।

**आम आदमी के लिए सात दिन की मोहलत, नहीं तो बिजली कट :** गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के उपभोक्ता अगर सामान्य बिल भी न पटाएं, तो ड्यू डेट के सात दिन के भीतर उनके घर का बिजली कनेक्शन काटने का प्रावधान है, लेकिन बड़े बकायादारों के लिए डिमांड नोटिस का खेल होता है। बिजली कंपनी के अफसर बताते हैं कि लगातार बिल पेमेंट के लिए दबाव बनाया जाता है, लेकिन बकाये की भारी भरकम राशि से स्पष्ट है कि रसूखदारों से वसूली में कोताही बरती जाती है।

**नेता, बिल्डर और बड़े उद्योगपति भी सूची में :** सीएसपीडीसीएल को अरबों की चपत लगाने वालों की सूची में नेता, बिल्डर से लेकर बड़े उद्योगपति भी शामिल हैं। सिर्फ रायपुर के सिविल लाइन इलाके के बकायादारों की सूची देखी जाए तो कई ऐसे रसूखदारों के नाम हैं, जिन्होंने लंबे समय से बिजली का बिल नहीं पटाया है। खास बात यह है कि 1 लाख से 15 लाख तक बकाया होने के बाद भी रसूखदारों ने बिल नहीं पटाया है।

---

ड्रैगन बोला- उकसाने वाली हरकत की तो अंजाम भुगतना होगा

# चीन-फिलीपींस के जहाज साउथ चाइना सी में फिर भिड़े, 2 महीने में दूसरी बार टक्कर

*चीन और फिलिपीन के तटरक्षक जहाज सोमवार को समुद्र में सबीना शोल नामक क्षेत्र के निकट टकरा गए जिससे कम से कम दो नौकाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। सबीना शोल दक्षिण चीन सागर में पड़ने वाले देशों के बीच चिंताजनक रूप से बढ़ते क्षेत्रीय विवाद का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने स्प्रैटली द्वीप समूह में एक विवादित क्षेत्र सबीना शोल के पास हुई टक्कर के लिए एक दूसरे को दोषी ठहराया है, इस टक्कर में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वियतनाम और ताइवान भी स्प्रैटली द्वीप समूह पर अपना दावा जताते हैं। चीन के तटरक्षक बल ने फिलिपीन पर आरोप लगाया है कि उसके एक जहाज ने जानबूझकर चीनी पोत को टक्कर मारी है।*

एजेंसी ▶▶ ताइपे

चीनी तट रक्षक बल के प्रवक्ता गान यू ने एक बयान में दावा किया, "फिलिपीनी तट रक्षक बल के दो जहाज सबीना शोल के पास जल क्षेत्र में दाखिल हुए, चीनी तट रक्षक बल की चेतावनी को नजरअंदाज किया और तड़के 3:24 बजे एक चीनी पोत को जानबूझकर टक्कर मार दी।" गान यू ने कहा, "इस टक्कर के लिए फिलिपीनी पक्ष पूरी तरह से जिम्मेदार है। हम फिलिपीनी पक्ष को क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन और उकसावे भरी कार्रवाई तुरंत बंद करने की चेतावनी देते हैं, वरना उसे इसके सभी गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

### फिलीपीन ने लगाए चीन पर आरोप



### फिलीपीन ने लगाया चीन पर आरोप

*पश्चिमी फिलीपीन सागर पर फिलिपीन के 'नेशनल टास्क फोर्स' ने कहा कि तटरक्षक बल के दो जहाजों 'बीआरपी बागाके' और 'बीआरपी केप एंगानो' को क्षेत्र में पाटाग और लावाक द्वीपों की ओर जाते समय चीनी तटरक्षक जहाजों के ''अवैध व आक्रामक युद्धाभ्यास का सामना करना पड़ा।'' बयान में कहा गया है, ''इन खतरनाक युद्धाभ्यासों के परिणामस्वरूप टक्कर हुई, जिससे फिलिपीन तट रक्षक बल के दोनों जहाजों को संरचनात्मक क्षति हुई।'' टास्क फोर्स ने कहा कि 'बीआरपी केप एंगानो' और एक चीनी जहाज के बीच हुई टक्कर के कारण फिलिपीन के जहाज के 'डेक' पर लगभग 5 इंच चौड़ा एक छेद हो गया है।*

### विवाद का नया केंद्र

फिलिपीन के पश्चिमी द्वीप प्रांत पलावन से लगभग 140 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सबीना शोल चीन और फिलिपीन के बीच क्षेत्रीय विवाद का नया केंद्र बन गया है। फिलिपीन के तट रक्षक बल ने अप्रैल में सबीना शोल में अपने प्रमुख गश्ती जहाजों में से एक 'बीआरपी टेरेसा मैगबानुआ' को तैनात किया था। उसने यह कदम तब उठाया था, जब फिलिपीनी वैज्ञानिकों को सबीना शोल के रेतीले टीलों पर बड़े पैमाने पर कुचले हुए मूंगे का ढेर मिला था, जिससे यह संदेह पैदा हुआ था कि चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीप बनाने की तैयारियों में जुटा हो सकता है। चीनी तट रक्षक बल ने भी बाद में सबीना शोल में एक जहाज तैनात किया था। सबीना शोल फिलिपीन के नियंत्रण वाले सेकंड थॉमस शोल के पास स्थित है, जहां चीनी और फिलिपीनी तट रक्षक बल के जहाजों और अन्य जहाजों के बीच टकराव के मामले हाल के महीनों में बढ़ गए हैं।

---

## पेज एक के शेष

### तन से दिव्यांग, मन से...

प्रदर्शन दिखाया है। हरिभूमि ने विभिन्न राज्यों के दिव्यांगों से बातचीत की।

**समझ पर सवाल था, श्लोक रट लिए :** कोलकाता से आए सुदर्शन रक्षित ने कपड़ों में चित्रकारी और मुंहजबानी मंत्रों को याद कर अपनी अलग पहचान बनाई है। सुदर्शन की मां ने बताया कि बेटा बचपन से मानसिक रूप से कमजोर है। उम्र होने के बाद भी बातचीत में बचपना है, लेकिन सभी बातों को अच्छी तरह समझता है। याद करने की क्षमता सामान्य व्यक्ति से भी अधिक है। सुदर्शन को रामायण, महाभारत के साथ संस्कृत के अनेक मंत्र पूरी तरह से याद हैं। मां ने बताया कि सुदर्शन को आज भी एक बार सुनते ही सब याद हो जाता है। बचपन से संस्कृत के मंत्र सुनकर बड़ा हुआ है। बातचीत में व्यक्ति को मानसिक रूप से कमजोर लगता है, लेकिन दिमाग काफी तेज है। कोलकाता में इसके लिए रविंद्र अवार्ड भी मिला है।

**राष्ट्रीय मंच पर छोड़ी नृत्य की छाप :** राजनांदगांव से आई प्रति जांगड़े ने पारंपरिक नृत्य में छाप प्रदेश के साथ देशभर के राष्ट्रीय मंच पर छोड़ी है। उन्होंने बताया कि बचपन से कद कम होने के कारण कुछ नया करने का साहस नहीं जुटा पाती थी। आत्मविश्वास नहीं था कि कहीं शारीरिक रूप से सामान्य न होने के कारण लोग मजाक न बना दें, लेकिन स्कूल में जब पहली बार प्रस्तुति दी और लोगों ने पूरे सम्मान के साथ तालियां बजाईं, उस दिन आत्मविश्वास बढ़ गया। दिव्यांगों के नृत्य समूह से जुड़कर राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दी। पारंपरिक नृत्य ने पहचान दी। आत्मनिर्भर भारत की थीम की प्रस्तुति को खूब सराहा गया है। **पति ने भी छोड़ा लेकिन डटी रही जिंदगी की जंग में :** शादी के कुछ साल बाद ही पति शराब पीने लगा जिसके बाद रोज रोज की लड़ाई से परेशान होकर उसने घर छोड़ दिया, जिसके बाद से वह ट्रस्ट में रहें कर अपने 3 क्लास की पढ़ाई कर रहें 8 साल के बेटे को हॉस्टल में रख कर शिक्षा दिला रही हैं, ताकि आने वाले समय में अपने बेटे को अच्छी शिक्षा दिलाने के साथ ही उसे एक पुलिस अफसर बना सके, अपने जीवन के इस संघर्ष को हरिभूमि से साझा करते हुए रीता आखें भी नम हो गई, इस दौरान उसने एक अच्छी बात और कहीं खुशी खुद में खोजनी पड़ती हैं।

**दिल्ली और मुंबई में बिक रहे कपड़े :** कोलकाता के सुदर्शन मेले में आकर्षक पेंटिंग वाले कपड़े लेकर आए हैं। उनकी मां ने बातचीत में बताया कि बचपन से अक्सर ज्यादा समय पेंटिंग करता था। कभी सोचा नहीं था कि पेंटिंग भविष्य में आय का साधन बन जाएगी। आज सुदर्शन की पेंटिंग किए हुए कपड़े दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों के बड़े मॉल में भी बिक रहे हैं।

### दिव्यांगजनों को जोड़कर बनाया...

पाना मुश्किल था। जब होममेड वस्तुएं सीखने डोंगरगढ़ पहुंचा, उस समय मेरे जैसे और भी दिव्यांग शामिल थे। पहले दूसरों के लिए काम करते थे, जिसके बाद खुद के लिए काम करना शुरू किया। व्यापार शुरू करने राष्ट्रीय दिव्यांग संस्था से जुड़कर दिव्यांगों को सरकार की योजना से जोड़ने का प्रयास किया। आज छत्तीसगढ़ के 25 हजार से अधिक दिव्यांग साथ मिलकर होममेड वस्तुएं बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

### कद ढाई फीट, हौसला...

दी। हरिभूमि से खास बातचीत में रीता कहती हैं कि वे अपने इस कला से अपना जीवन यापन करती हैं और साल भर पूरे देश में लगने वाले ऐसे शासकीय आयोजनों में वे अपनी डांस प्रस्तुति देती है। जिससे वह अब अपने परिवार को पाल रही हैं। रीता 10 वीं तक पढ़ी है।

### हाथों से निःशक्त फिर...

भाई को राखी बांधती है तो भाई की आंखे भर आती हैं, गरियाबंद जिले के राजिम से लगे ग्राम रावन गांव में एक ऐसी बहन है जो मुह से अपने भाई के कलाई पर राखी बांधती है,और हर साल रक्षा बंधन पर्व का बेसब्री से इंतजार करती है । रावन गांव की रहने वाली कुलेश्वरी साहू के दोनों हाथ नही है, सिर्फ कंधे से लगा 2 से 3 इंच का उंगली है,इसी उँगली और मुह के सहारे वह अपने भाई के कलाई पर राखी बांधती है, हाथ नही पर भाई के लिए अटूट प्यार है, भाई के हाथ मे राखी बांधना इतना आसान नही है यह देख कर भाई ही नहीं इस दृश्य को देखने वाले हर मौजूदा लोगों की आंखें भर आती हैं।

### बच्चों की शरारत ने पुलिस...

चेहरे में डाल दिया, जिसकी वजह से चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामले की पड़ताल की तो पता चला की टिकम लाल का बेटा घर में रसोई गैस जलाते हुए झुलस गया था, मां की फटकार के डर से उसने झूठी कहानी गढ़ सभी को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया।

### ओला स्कूटी की सर्विस से परेशान...

जानकारी के मुताबिक शांति नगर निवासी सागर सिंह है। सागर के मुताबिक ओला की इलेक्ट्रिक स्कूटी को साल भर पहले डेढ़ लाख रुपए में खरीदा था। फाइनेंस समेत उन्हें यह स्कूटी एक लाख 85 हजार रुपए उसे पड़ गई। शुरुआती दौर में स्कूटी ठीक चल रही थी।

### 5 लाख से अधिक...

साधु-संतों के साथ 14800 फुट की ऊंचाई वाले महागुंस टॉप के रास्ते आधार शिविर पंजतरणी पहुंच गई थी। इससे पहले पवित्र छड़ी सुबह 8:05 बजे शेषनाग से रवाना हुई थी। पंजतरणी में रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को छड़ी मुबारक पवित्र अमरनाथ गुफा में पहुंची। इसी के साथ 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा का समापन हो गया। सुबह श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर पवित्र गुफा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पारंपरिक पूजन और अनुष्ठान किए गए।

---

## हसीना के खिलाफ हत्या के नये मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश में विवादित आरक्षण प्रणाली के खिलाफ आंदोलन के दौरान दो लोगों की मौत के मामले में देश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के पूर्व मंत्रियों के खिलाफ हत्या के दो नये मामले दर्ज किए गए हैं।



बांग्लादेश की 76 वर्षीय पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ दर्ज मामलों की श्रृंखला में यह ताजा मामला है, जिन्होंने सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद पांच अगस्त को त्यागपत्र दे दिया था और भारत चली गयी थी । राजधानी के मीरपुर इलाके में लिटन हसन लालू उर्फ हसन और शेर-ए-बांग्ला नगर इलाके में तारिक हुसैन की हत्या के लिए अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। लिटन के भाई ने ढाका मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मेंहदी हसन की अदालत में हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) अब्दुल्ला अल मामून और अन्य समेत 148 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## श्रावणी पूर्णिमा अनुष्ठान...




**वाराणसी।** पुण्य नगरी काशी में सोमवार को श्रावणी पूर्णिमा अनुष्ठान धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गंगा नदी में स्नान करते हुए श्रद्धालु।

## पाकिस्तान : आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मी की मौत

एजेंसी ▶▶ पेशावर

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में एक पुलिस थाने पर आतंकवादियों के हमले में एक थाना प्रभारी समेत दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के आतंकवाद प्रभावित लक्की मरवत जिले में बरगई पुलिस थाने पर रविवार रात हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमले में एक पुलिसकर्मी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल थाना प्रभारी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसने बताया कि मुठभेड़ के दौरान प्रभारी को कई गोलियां लगी थीं। पुलिस के अनुसार, हमले से पहले आतंकवादी पुलिस थाने के पास स्थित एक घर में छिपे हुए थे।

---

## राशिफल


**मेष** — वाणी में सौम्यता रहेगी। मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। संगीत में रुचि हो सकती है।


**वृष** — रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में लाभ के अवसर बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मिथुन** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु आपसी मनमुटाव से भी बचें। खर्चों की अधिकता रहेगी।


**कर्क** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**सिंह** — सेहत का ध्यान रखें। परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत से सन्तुलित रहें। कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।


**कन्या** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। जीवनसाथी का सहयोग रहेगा।


**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सेहत का ध्यान रखें। अध्ययन में रुचि रहेगी।


**धनु** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। परिवार की समस्याएं परेशान करेंगी।


**मकर** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**कुंभ** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। सुख-सुविधाओं के विस्तार पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।


**मीन** — मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिवार की समस्याओं पर ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा।

---

महाराष्ट्र एनडीए में फिर उठापटक

## अजित पवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिखाए काले झंडे, एनसीपी नाराज

एजेंसी ▶▶ पुणे



महाराष्ट्र की सत्ताधारी एनडीए यानी महायुति गठबंधन में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है। पुणे जिले के जुन्नार इलाके में 'जन सम्मान यात्रा' के दौरान उपमुख्यमंत्री अजित पवार को कुछ लोगों के एक समूह ने काले झंडे दिखाए और उनके खिलाफ नारे भी लगाए। उन प्रदर्शनकारियों में से कुछ लोगों ने हाथों में भाजपा के झंडे लिए हुए थे और उन्होंने आधिकारिक समारोह आयोजित करने तथा सहयोगियों को "दरकिनार" करने के लिए पवार की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि अजित पवार ने गठबंधन सहयोगियों को जुन्नार पर्यटन क्षेत्र समेत कई योजनाओं से जुड़ी समीक्षा बैठकों में नजरअंदाज किया और उन्हें शामिल होने से वंचित रखा। जुन्नार को को 2018 में राज्य का पहला विशेष पर्यटन क्षेत्र घोषित किया गया था।

## भारत के साथ संबंधों को और मजबूत बनाएंगे : शिनवात्रा

**सिंगापुर।** थाईलैंड की नयी प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वह मौजूदा संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने की आशा करती हैं। ''मुझे विश्वास है कि हम अपने मौजूदा संबंधों को और मजबूत कर सकते हैं तथा दोनों देशों के लिए और भी अधिक अवसर पैदा करने के लिए नयी संभावनाएं तलाश सकते हैं।' थाईलैंड के पूर्व राष्ट्रपति थाकसिन शिनावात्रा की बेटी पैतोंगतार्न शिनावात्रा रविवार को शाही समर्थन पत्र मिलने के बाद देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गईं। शिनावात्रा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे द्विपक्षीय संबंधों को विशेष रूप से व्यापार और निवेश, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में तथा दोनों देशों के बीच हवाई यात्रा बढ़ाने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की मैं आशा करती हूं।

कई समझौतों पर हस्ताक्षर की उम्मीद

## तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम तीन दिवसीय भारत यात्रा पर सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार इब्राहिम की भारत यात्रा दोनों देशों के बीच बहु-क्षेत्रीय सहयोग एजेंडा तैयार करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपने मलयेशियाई समकक्ष के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से भारतीय श्रमिकों की भर्ती सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है।



### महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट जाएंगे

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इब्राहिम मोदी के निमंत्रण पर 19 से 21 अगस्त तक भारत की 'राजकीय यात्रा' करेंगे। 20 अगस्त को इब्राहिम का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा और वे महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट जाएंगे। इसके बाद वे मोदी से बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री मलयेशियाई नेता के लिए दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। बाद में, इब्राहिम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का कार्यक्रम है।

पूर्व तट रेलवे

(1)निविदा सूचना सं.ST-OT-AMC-MSDAC-397, दिनांक : 12.08.2024

कार्य का नाम: 36 महीने की समयावधि हेतु पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के अनुगुल-सुकिन्दा BG लिंक सेक्शन के लिए Frauscher मेक MSDAC हेतु स्पेयर्स के साथ वार्षिक रख-रखाव ठेका हेतु प्रावधान।

निविदा मूल्य (रुपये में): 4,68,77,350/-, EMD (रुपये में): 3,84,400/-।

(2)निविदा सूचना सं.ST-OT-SIG-ZONAL-JJKR-398, दिनांक : 12.08.2024

कार्य का नाम: 01 वर्ष के लिए पूर्व तट रेलवे के खोरधा रोड मण्डल के सीनियर सेक्शन इंजीनियर/जाजपुर केन्दुझर रोड के अधिकार क्षेत्र के अधीन सेक्शन में सिग्नलिंग जोनल (Zonal) कार्य, बशर्ते कि ऐसे प्रत्येक कार्य की लागत रु.5,00,000/- या उससे कम होनी चाहिए।

निविदा मूल्य (रुपये में): 87,39,905.50, EMD (रुपये में): 1,74,800/-।

बिड प्रारंभ होने की तिथि: दिनांक 20.08.2024 (दोनों निविदा हेतु), निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय: दिनांक 03.09.2024 को 1100 बजे (दोनों निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा खुलने से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (सिग्नल एवं टेलीकॉम)/ खोरधा रोड

PR-437/P/24-25

---

## शब्द पहेली - 5607



**बाएँ से दाए**
1. बलगम-2
3. जाप, मंत्र पाठ-2
5. काया, बदन-2
7. ठाठ-बाट-2
9. गिरावट, अवनति-3
11. बुरी आदत-2
13. सदं, अच्छा-2
15. बंदर-3
17. अपशिष्ट पदार्थ-2
19. थोड़ा-2
22. दबाना, कुचलना-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
26. आम जनता-2
28. पिता के पिता-2
30. पक्षाघात, फालिज-3
32. मनमौजी, अलमस्त-2
34. नवीन-2
36. लोच-3
38. गाड़ी, घोड़ागाड़ी-2
41. बीता हुआ दिन-2
43. लेखनी, पेन-3
45. अधर-2
47. रांझा की प्रेमिका-2
49. अप्सरा, परी-2
51. गर्भ, कोख-3
53. दंड, शिक्षा -2
55. पाश, फंदा-2
57. परखना-3
60. वोट, अभिप्राय-2
62. हत्या-2
64. तिरस्कृत-3
66. शराब-2
67. उद्देश्य-2
68. टूंटी, नलका-2
69. आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1. प्याला-2
2. धर्म आदेश-3
4. क्षण, लमहा-2
6. गगन, आकाश-2
8. सरुर, खुमार-2
10. पति की बहन-3
12. अंधकार-2
14. शर्म, लज्जा-2
16. पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18. भाग्य (अंग्रेजी-2)
20. रहस्य-2
21. कुर्बान-2
23. अनुकृति-3
25. जोर, बल-2
27. नाखून-2
29. दक्षिणा-2
31. पढ़ने वाला-3
33. परत-2
35. भैंस जैसा एक प्राणी-2
37. झगड़ा-3
39. भूमि, धरा -2
40. राहगीर-2
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2
48. आनंद-2
50. छुट्टी-2
52. झगड़ना-3
54. प्याला-2
56. प्यार-2
58. असफल-3
59. यमराज-2
61. पैंदा-2
63. संपत्ति-2
65. सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5606 का हल



## सूडोकु नवताल - 5618

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5617 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय कोयला सूचकांक जून में 3.48 फीसदी गिरा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कोयला सूचकांक (एनसीआई) जून, 2024 में 3.48 प्रतिशत गिरकर 142.13 अंक पर आ गया, जो बाजार में इस शुष्क ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता का संकेत देता है। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि जून, 2023 में एनसीआई 147.25 अंक पर था। यह गिरावट बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बाजार में कोयले की पर्याप्त उपलब्धता का संकेत देती है।

### कीस्टोन रियलटर्स को 32% बिक्री बुकिंग वृद्धि की उम्मीद



**नई दिल्ली।** कीस्टोन रियलटर्स को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में उसकी बिक्री बुकिंग 32 प्रतिशत बढ़कर 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बोमन ईरानी ने यह बात कही है। कीस्टोन रियलटर्स रुस्तमजी ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियां बेचती है और यह देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में शामिल है। ईरानी ने साक्षात्कार में कहा कि आवास बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे कंपनी को भूमि अधिग्रहण और निर्माण गतिविधियों में अधिक निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिला है।

### स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस को 50 करोड़ का घाटा



**नई दिल्ली।** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेज लिमिटेड को बीते वित्त वर्ष में लगभग 50 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने बताया कि उसे यह घाटा ज्यादा खर्च होने के कारण हुआ है। उद्योगों को कार्यस्थल उपलब्ध कराने वाली प्रमुख कंपनी स्मार्टवर्क्स ने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी में आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। दस्तावेजों के अनुसार, कंपनी को वित्त वर्ष 2023-24 में 49.95 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

### रुपया आठ पैसे मजबूत होकर 83.87 प्रति डॉलर



**मुंबई।** डॉलर में कमजोरी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले आठ पैसे मजबूत होकर 83.87 के भाव पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह ने निवेशकों की धारणा को मजबूती देने का काम किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये ने अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.88 पर खुलने के बाद मजबूती हासिल की। कारोबार के दौरान रुपया 83.84 के ऊपरी और 83.93 के निचले स्तर पर रहा।

### ईआईएच को चौथी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद



**नई दिल्ली।** होटल चलाने वाली प्रमुख कंपनी ईआईएच लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की तीसरी और चौथी तिमाही में मजबूत मांग और होटल बुकिंग की उम्मीद है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी विक्रम ओबेरॉय ने कहा कि इससे पहले अप्रैल-जून के दौरान चुनाव और भीषण गर्मी के कारण मांग में कमी देखी गई थी। उन्होंने विश्लेषकों से कहा कि इस साल के आम चुनावों का मांग पर प्रभाव पिछले चुनावों की तुलना में अधिक था।

# नंबर एक से हट ही नहीं रही मारुति की डिजायर, अकेले 45% मार्केट पर कब्जा

## सूची में दूसरे नंबर पर हुंडई की ऑरा रही, सेडान कारों का अभी भी बाजार में दबदबा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय ग्राहकों के बीच बीते कुछ सालों से एसयूवी सेगमेंट की बढ़ती डिमांड के बीच सेडान कारों की पापुलैरिटी में कमी देखी जा रही है। हालांकि, इसके बावजूद भी मार्केट में कई सेडान कारों का दबदबा अभी भी बरकरार है। इन कारों में मारुति सुजुकी डिजायर, हुंडई ऑरा और होंडा अमेज जैसी कार शामिल है।

अगर बीते महीने यानी जुलाई, 2024 में हुई सेडान सेगमेंट के कार बिक्री की बात करें तो एक बार फिर मारुति सुजुकी डिजायर ने टॉप पोजीशन हासिल कर लिया। हालांकि, इस दौरान मारुति सुजुकी डिजायर की बिक्री में सालाना आधार पर 13.05 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इसके बावजूद भी मारुति सुजुकी डिजायर का सेडान सेगमेंट में मार्केट शेयर अकेले 44.98 पर्सेंट रहा। बिक्री की इस सूची में दूसरे नंबर पर हुंडई ऑरा रही। हुंडई ऑरा ने इस दौरान 5.38 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 4,757 यूनिट कार की बिक्री की। जबकि तीसरे नंबर पर बिक्री की इस लिस्ट में होंडा अमेज रही। होंडा अमेज ने इस दौरान 31.28 प्रतिशत की सालाना गिरावट के साथ कुल 2,327 यूनिट कार की बिक्री की। दूसरी ओर बिक्री की इस लिस्ट में छठे नंबर पर हुंडई वरना रही। हुंडई वरना ने इस दौरान 50.31 फीसदी की सालाना गिरावट के साथ कुल 1,420 यूनिट कार की बिक्री की। वहीं, बिक्री की इस लिस्ट में सातवें नंबर पर होंडा सिटी रही।

### 44 फीसदी घट गई टाटा टिगोर की बिक्री

इसके अलावा, बिक्री की इस लिस्ट में चौथे नंबर पर फॉक्सवैगन वर्टस रही। फॉक्सवैगन वर्टस ने इस दौरान 1.67 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 1,766 यूनिट कार की बिक्री की। जबकि बिक्री की इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर टाटा टिगोर रही। टाटा टिगोर ने इस दौरान 44.30 पर्सेंट की सालाना गिरावट के साथ कुल 1,495 यूनिट कार की बिक्री की।




### टोयोटा की कैमरी दसवें स्थान पर

स्कोडा स्लाविया ने इस दौरान 52.06 फीसदी की सालाना गिरावट के साथ सिर्फ 793 यूनिट कार की बिक्री की। जबकि बिक्री की इस लिस्ट में नौवें नंबर पर मारुति सुजुकी सियाज रही। मारुति सुजुकी सियाज ने इस दौरान 55.27 पर्सेंट की सालाना गिरावट के साथ सिर्फ 603 यूनिट कार की बिक्री की। वहीं, बिक्री की इस लिस्ट में दसवें नंबर पर टोयोटा कैमरी रही। टोयोटा कैमरी ने इस दौरान 33.68 फीसदी की सालाना गिरावट के साथ 126 यूनिट कार की बिक्री की।

## भारतीय स्टेटबैंक के अर्थशास्त्रियों ने जारी की रिपोर्ट

# बैंक जमा में वृद्धि को लेकर चिंता एक सांख्यिकीय मिथक : एसबीआई

## वर्ष 2021-22 में जमा की कुल राशि आवंटित ऋण से अधिक रही

एजेंसी ⏭ मुंबई

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अर्थशास्त्रियों ने सोमवार को कहा कि जमा में वृद्धि पर चिंता एक 'सांख्यिकीय मिथक' है, क्योंकि वित्त वर्ष 2021-22 से जमा की कुल राशि आवंटित ऋण से कहीं अधिक रही है।

भारतीय स्टेट बैंक के अर्थशास्त्रियों की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय प्रणाली में लगभग आधी सावधि जमाएं वरिष्ठ नागरिकों के पास हैं जबकि युवा आबादी उच्च प्रतिफल वाले अन्य विकल्पों की तलाश कर रही है। अर्थशास्त्रियों ने जमा पर लगने वाले कर की संरचना में बदलाव की वकालत की है ताकि बैंकों के पास आने वाली बड़ी जमा राशि का इस्तेमाल ऋण वृद्धि में किया जा सके।



### जमा में 61 लाख करोड़ की बढ़ोतरी

रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2021-22 से जमा में कुल 61 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जो ऋण वृद्धि के 59 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। रिपोर्ट के मुताबित, 'जमा वृद्धि के सुस्त पड़ने का मिथक महज 'सांख्यिकीय' है। दरअसल जमा वृद्धि के मुकाबले ऋण वृद्धि में सुस्ती को जमा वृद्धि में कमी के तौर पर प्रचारित किया जा रहा है।'

### 26वें महीने लगाता धीमी ऋण वृद्धि

एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने स्वीकार किया कि वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 में जमा की वृद्धि क्रमशः 24.3 लाख करोड़ रुपये और 27.5 लाख करोड़ रुपये के साथ ऋण से कम रही है। रिपोर्ट कहती है कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली लगातार 26वें महीने धीमी जमा वृद्धि की स्थिति में है।

### सुस्ती अक्टूबर 2025 में हो सकती है खत्म

ऐतिहासिक रूप से देखें तो जमा वृद्धि के ऋण वृद्धि से कम रहने के मामले दो-चार साल तक चलते रहे हैं। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि पिछले अनुभवों के आधार पर इस सुस्ती का मौजूदा दौर जून, 2025-अक्टूबर, 2025 के बीच खत्म हो सकता है।

### ऋण वृद्धि में आ सकती है अल्पकालिक सुस्ती

इसके अतिरिक्त, बैंकों से व्यापक बफर रखने के लिए कहने वाले तरलता संबंधी नए दिशानिर्देशों से ऋण वृद्धि में अल्पकालिक सुस्ती आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी बैंक कम लागत वाली जमाराशियों का लाभ उठाने में अधिक सक्रिय रहे हैं।

### पीएसयू बैंकों के लिए औसत आकार 72.577 रुपए

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की बचत/सावधि जमाराशियों का औसत आकार 72,577 रुपये है, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए यह 1.60 लाख रुपये और विदेशी बैंकों के लिए 10.5 लाख रुपये है।

### ऋण वृद्धि की खाई को लेकर चिंता

पिछले एक साल से जमा और ऋण वृद्धि के बीच की खाई को लेकर चिंता जताई जा रही है। पर्याप्त जमा वृद्धि के अभाव में ऋण वृद्धि की स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में जमाओं के लिए बैंकों को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## जमा वृद्धि के लिए कदम उठाने कहा

# सीतारमण की बैंकों के प्रमुखों के साथ बैठक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों के साथ प्रदर्शन समीक्षा बैठक की और उनसे जमा वृद्धि में सुधार लाने को कहा।

पिछले कुछ महीनों में ऋण वृद्धि जमा वृद्धि की तुलना में 3-4 प्रतिशत कम रही है, जिससे बैंकों के लिए परिसंपत्ति-देयता का असंतुलन पैदा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्री ने बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन के साथ ही पीएम आवास योजना, पीएम सूर्य घर और पीएम विश्वकर्मा योजना सहित सरकार की विभिन्न प्रमुख योजनाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की।

सीतारमण ने जमा वृद्धि, ऋण-जमा अनुपात (सीडी अनुपात) और परिसंपत्ति गुणवत्ता का भी जायजा लिया। वित्त मंत्री ने बैंकों के प्रमुखों से मुख्य बैंकिंग कारोबार पर ध्यान केंद्रित करने और नवोन्मेषी उत्पादों को पेश करके जमा वृद्धि की गति बढ़ाने को कहा। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि जमा और कर्ज वृद्धि के बीच असंतुलन है। वित्त मंत्री ने कहा, 'कर्ज देने में वृद्धि अधिक है... मैं विभिन्न कारणों से (19 अगस्त को) बैंकों से मिलूंगी और उनसे जमा संग्रह के महत्व के बारे में बात करूंगी।' सीतारमण ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को ब्याज दर के मामले में स्वतंत्रता दी है।

### पीएसयू बैंकों का शुद्ध लाभ मार्च में बढ़ा

सरकारी बैंकों का शुद्ध लाभ मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में 1.4 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है, जो इससे पिछले साल की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है।

## जीएसटी संयोजन योजना में मंत्रालय से पहचान करने कहा

# उच्च जोखिम वाले करदाताओं की जल्द पहचान करे मंत्रालय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्त मंत्रालय से जीएसटी संयोजन योजना में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की समय-समय पर पहचान करने और कर चोरी रोकने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी बिक्री के घोषित मूल्य का सत्यापन करने को कहा है।

सीएजी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के बीच केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत 8.66 लाख कंपोजिशन करदाताओं का विश्लेषण किया है। इसके आधार पर सीएजी ने पाया कि बड़ी संख्या में जीएसटी करदाताओं के कंपोजिशन लेवी स्कीम के लिए कारोबार सीमा पार करने का उच्च जोखिम है। इन उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान जीएसटी रिटर्न जैसे जीएसटीआर-4ए, जीएसटीआर-7



में निहित डेटा के साथ-साथ तीसरे पक्ष के डेटा स्रोतों जैसे आईटी रिटर्न, 'वाहन' डेटाबेस आदि से ऑडिट द्वारा की गई थी। जीएसटी कंपोजिशन स्कीम उन करदाताओं के लिए उपलब्ध है जिनका कुल कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रहा है। विशेष श्रेणी वाले राज्यों के करदाताओं के लिए यह सीमा 75 लाख रुपये है। सीएजी ने कहा कि सीएलएस करदाताओं के संबंध में दो प्रमुख जोखिम क्षेत्र- योजना में बने रहने के लिए करदाताओं द्वारा 'बाह्य आपूर्ति के मूल्य' की कम घोषणा करना तथा सीएलएस का लाभ उठाने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा न करना है।

### आपूर्ति के मूल्य का सत्यापन जरूरी

हाल ही में संसद में पेश रिपोर्ट में सीएजी ने कहा, "मंत्रालय को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए समय-समय पर सीएलएस में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करनी चाहिए तथा अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग की संभावना को कम करने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी घोषित बाहरी आपूर्ति के मूल्य का सत्यापन करना चाहिए।"

### ओला इलेक्ट्रिक के शेयर पर लगा अपर सर्किट

**नई दिल्ली।** भाविश अग्रवाल की अगुवाई वाली ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लि. का शेयर सोमवार को 10 फीसदी उछलकर उच्च सर्किट सीमा पर पहुंच गया। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी का शेयर नौ अगस्त को सूचीबद्ध हुआ था। यह अपने निर्गम मूल्य 76 रुपये के मुकाबले अब तक 92.14 प्रतिशत चढ़ चुका है। ओला इलेक्ट्रिक का शेयर सोमवार को बीएसई में 10 प्रतिशत चढ़कर 146.03 रुपये पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 9.99 % चढ़कर 146.38 रुपये पर पहुंच गया।

# पेट्रोल में 20% एथनॉल मिश्रण के लिए और गन्ने के जरूरत

**मुंबई।** एथनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत मिश्रण के सरकार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अधिक गन्ने के उपयोग की आवश्यकता होगी। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। इससे चीनी भंडार स्तर और मिल मालिकों के नकदी प्रवाह में भी सुधार होने की संभावना है। ईएसवाई नवंबर से अक्टूबर महीने तक चलता है।

क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत को ईएसवाई 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलाने का लक्ष्य - या सालाना 990 करोड़ लीटर - के लिए इसकी आपूर्ति बढ़ाने को अनाज और गन्ने दोनों के फीडस्टॉक के प्रभावी उपयोग की आवश्यकता होगी। इसमें कहा गया है कि अगले सत्र तक अनाज से वार्षिक एथनॉल उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि होकर इसके 600 करोड़ लीटर तक पहुंचने की उम्मीद है (इस सत्र का उत्पादन अनुमान 380 करोड़ लीटर है)। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि शेष मात्रा का उत्पादन गन्ने से एथनॉल के प्रसंस्करण द्वारा करना होगा, जो पर्याप्त क्षमता को देखते हुए व्यावहारिक है।

क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि यह बदले में चीनी भंडार को अनुकूलित करने में मदद कर सकता है, विशेष रूप से एथनॉल उत्पादन और निर्यात के लिए 'डायवर्जन' पर सरकारी प्रतिबंध के कारण चालू सत्र के अंत में अपेक्षित उच्च पहले का बचे (कैरी-ओवर) स्टॉक को देखते हुए ऐसा कहा जा सकता है।

### गन्ने के उपयोग की मात्रा निर्धारित

हालांकि, एथनॉल के उत्पादन के लिए अनाज के उपयोग को नियंत्रित नहीं किया जाता है, लेकिन सरकार आने वाले वर्ष के लिए चीनी की मांग-आपूर्ति संतुलन के अपने अनुमान के आधार पर गन्ने के उपयोग की मात्रा निर्धारित करती है।



# जमा बीमा दायरे में समय-समय पर संशोधन की जरूरत: आरबीआई

**जयपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने जमा बीमा दायरा सीमा में समय-समय पर संशोधन की जरूरत बतायी है। इसका कारण जमा बीमा के मूल्य का बढ़ना, मुद्रास्फीति और आय स्तर में वृद्धि है। वर्तमान में जमा बीमा दायरा सीमा पांच लाख रुपये है। डिप्टी गवर्नर ने पिछले सप्ताह यहां जमा बीमा और कर्ज गारंटी निगम द्वारा आयोजित आईएडीआई (जमा बीमाकर्ताओं का अंतरराष्ट्रीय संघ) एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन भाषण में कहा कि ग्राहक जमा के लिए बीमा दायरे को पर्याप्त बनाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत में 31 मार्च, 2024 तक बैंकों में कुल खातों में पूरी तरह से सुरक्षित खाते 97.8 प्रतिशत थे, जबकि अंतरराष्ट्रीय मानक 80 प्रतिशत है। राव ने कहा कि हालांकि इस समय दायरा संतोषजनक लगता है लेकिन आगे चुनौतियां लग रही हैं। राव ने 14 अगस्त को अपने संबोधन में कहा, आज हम भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक मानते हैं और यह वृद्धि दर निकट भविष्य में भी जारी रहने की उम्मीद है।



## सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई

# शेयर बाजार में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी लगभग स्थिर



एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को कारोबार सीमित रहा और बीएसई सेंसेक्स में मामूली 12 अंक की गिरावट आई। किसी ठोस संकेत के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। प्रतिभागियों ने मूल्यांकन अधिक होने को लेकर चिंता के बीच प्रमुख शेयरों में मुनाफावसूली की। धातु, तेल एवं गैस तथा आईटी शेयरों में चुनिंदा लिवाली भी हुई जिससे बाजार को समर्थन मिला।

कारोबार सीमित दायरे में रहा और तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 80,424.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 80,724.40 अंक तक गया और नीचे में 80,332.65 अंक तक आया। हालांकि, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 31.50 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,572.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजार शुरुआती लाभ को बरकरार नहीं रख पाये। इसका कारण खासकर मांग में नरमी से वाहन शेयरों में मुनाफावसूली रही।'' उन्होंने कहा, ''कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कमी से तेल शेयर लाभ में रहे। अमेरिका में ताजा आर्थिक आंकड़े से मंदी की आशंका कम हुई है। वहीं डॉलर सूचकांक में गिरावट से सितंबर में एफओएमसी की बैठक में नीतिगत दर में कटौती की संभावना को समर्थन मिला है।''

### इन शेयरों में रही घटबढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। इसके उलट, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं।

## एप्पल ने भारत में आईफोन का विनिर्माण शुरू किया

# 4 साल में एप्पल ने भारत की दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

टॉप ग्लोबल टेक कंपनी एप्पल के लिए भारतीय बाजार शानदार साबित हो रहा है। भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल को विनिर्माण शुरू करने का जबरदस्त फायदा हो रहा है। देखते ही देखते भारत में उसका बिजनेस इतना बड़ा हो चुका है कि दशकों पुरानी कई दिग्गज भारतीय कंपनियों की पूरी वैल्यू उसके सामने छोटी पड़ गई है। एक रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि भारत में एप्पल का बिजनेस 2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल चुका है। वित्त वर्ष 2023-24 में एप्पल का बिजनेस 2 लाख करोड़ रुपए के पार निकल गया। पिछले महीने बजट से पहले पेश आर्थिक समीक्षा में भी बताया गया था कि एप्पल का बिजनेस भारत में किसी मल्टीनेशनल कंपनी का सबसे विशाल इकोसिस्टम का रूप ले चुका है।



### इन दिग्गज कंपनियों की वैल्यू भी कम

बीते 4 सालों में एप्पल का भारतीय बिजनेस किस कदर बढ़ा है, उसका अंदाजा कई दशकों पुरानी दिग्गज भारतीय कंपनियों की पूरी वैल्यू के साथ तुलना कर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए नवरत्न सरकारी कंपनी गेल का मार्केट कैप अभी डेढ़ लाख करोड़ रुपए से कुछ ज्यादा है। टाटा समूह की टाटा स्टील की वैल्यू 1.87 लाख करोड़ रुपए है। दिग्गज मेटल व माइनिंग कंपनी वेदांता का बाजार पूंजीकरण 1.67 लाख करोड़ रुपए है। कंपनीज मार्केट कैप के आंकड़ों के अनुसार, भारत में अभी सिर्फ 46 ऐसी कंपनियां हैं, जिनका बाजार पूंजीकरण 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### इस तरह तेज हुआ भारत में बिजनेस

एप्पल ने भारत में विनिर्माण को लेकर सबसे पहले 2016 में सरकार के साथ चर्चा शुरू की थी। उसके बाद 2019 में सरकार ने एप्पल के अलावा सैमसंग समेत कई विदेशी व घरेलू कंपनियों के साथ चर्चा की थी। सरकार ने 2020 में पहली बार स्मार्टफोन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेटिंव स्कीम की शुरुआत की थी। एप्पल स्मार्टफोन के लिए पीएलआई स्कीम का फायदा उठाने वाली सबसे प्रमुख कंपनी बनकर उभरी है।

### 50 सालों में नहीं हुआ ऐसा काम

भारत में एप्पल का बिजनेस वैसे तो कई सालों से है, लेकिन उसे उल्लेखनीय गति बीते दो-चार सालों में मिली है, जब कंपनी ने अपने विनिर्माण बेस को चीन से शिफ्ट करने की रणनीति अपनाई। आईफोन समेत अन्य डिवाइस का विनिर्माण भारत में शुरू करने के बाद एप्पल के बिजनेस में जो तेजी आई है, उसे अधिकारी पिछले 50 सालों में भारत में किसी कंपनी का सबसे शानदार प्रदर्शन बता रहे हैं।

### मंत्री गोयल ने साध्वी ऋतंभरा और ब्रह्माकुमारी बहनों के भी साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया

# पाकिस्तान की हिंदू महिला शरणार्थियों ने पीयूष गोयल को बांधी राखी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा बंधन के अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने महिला सीएए नागरिकता लाभार्थियों से मुलाकात की। पाकिस्तान से आईं महिला शरणार्थियों ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को राखी बांधी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने साध्वी ऋतंभरा और ब्रह्माकुमारी बहनों के भी साथ रक्षाबंधन मनाया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में इसके बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार पाकिस्तान से आईं महिला शरणार्थियों ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को राखी बांधी। इस अवसर पर पीयूष गोयल ने कहा कि नागरिकता अधिनियम उन प्रवासियों को सुरक्षा प्रदान करेगा जिन्हें सीएए के तहत राष्ट्रीयता दी गई है। उन्होंने कहा, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम ने सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है जो आपका अधिकार है, उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे रक्षा बंधन समारोहों में से एक है।



> केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को दिल्ली में रह रही पाकिस्तानी हिंदू महिला शरणार्थियों के साथ रक्षा बंधन मनाया और कहा कि नागरिकता कानून पड़ोसी देशों से पलायन कर आई इन नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करेगा।



### मेरे जीवन का सबसे बेहतर रहा इस साल का रक्षा बंधन पर्व

उन्होंने कहा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम ने सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है जो आपका अधिकार है। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे रक्षा बंधन समारोहों में से एक है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण ही इन सभी पाकिस्तानी हिंदू महिला शरणार्थियों को सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिल पाई है। इन सभी महिलाओं ने केंद्रीय मंत्री को राखी बांधी।

## उरी में मुस्लिम महिलाओं ने जवानों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र

**जम्मू।** भारत में रक्षाबंधन का त्योहार हिन्दू धर्म के बड़े त्योहारों में से एक है। जिसे देश भर में धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बहनों अपने भाईयों को राखी बांधती हैं। इसी दौरान जम्मू कश्मीर में एक विशेष पहल देखने को मिली। जहां सेना के जवानों को मुस्लिम महिलाओं ने राखी बांधी है। महिलाओं ने सोमवार को जम्मू और कश्मीर के उरी सेक्टर में एलओसी के पास सोनी गांव में सेना के जवानों को राखी बांधी है। इस दौरान महिलाओं ने इन जवानों को अपना भाई कहा है। सीमाओं की रक्षा के लिए उनके प्रति आभार भी व्यक्त किया। कहते हैं राखी बांधने के बदले भाई बहनों की रक्षा का वचन देते हैं। एक स्थानीय महिला सीरत ने कहा कि हम सभी बहनों ने सीमा पार से हमारी रक्षा करने के लिए इन जवान भाईयों को राखी बांधी है। हम अपनी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं जो हमारी रक्षा करती है।



### भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का खास त्योहार

श्रावण मास का समापन रक्षाबंधन के पवित्र पर्व के साथ हुआ। यह त्योहार भाई-बहन के रिश्ते के लिए खास पर्व है और दोनों भाई-बहिन साल भर इसका इंतजार करते हैं। यह एक खास दिन होता है जब बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र यानी राखी बांधती है और उसके सुखी जीवन की कामना करती है। जैसा कि आप सब जानते हैं कि राखी बांधने से पहले बहन अपने भाई के माथे पर तिलक लगाती है। फिर भाई की कलाई पर राखी बांधी जाती है।

---

### डॉ. एस जयशंकर और आरज़ू राणा देउबा के बीच हुई वार्ता

# सहमति : पड़ोसी देश नेपाल, भारत को 1000 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल और भारत के बीच हुए विद्युत व्यापार समझौते का अधिकतम लाभ नेपाल को मिल रहा है। इस समय नेपाल की तरफ से रिकार्ड 800 मेगावाट बिजली का निर्यात किया जा रहा है जिससे नेपाल को अरबों रुपए की कमाई हो रही है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से इस समय दैनिक रूप से भारत को 800 मेगावाट से अधिक बिजली बेची जा रही है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और नेपाल की विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा के बीच सोमवार को द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई।

बता दें, नेपाल की विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा 22 अगस्त तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री की यह यात्रा भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई मुलाकात के बाद अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वार्ता के दौरान ऊर्जा, व्यापार, कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के विकास सहित बहुमुखी सहयोग पर चर्चा हुई। यह जानकर खुशी हुई कि नेपाल भारत को लगभग 1000 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा, जो हमारी साझेदारी में एक नया मील का पत्थर है। हमारी नेबरहुड फर्स्ट नीति और अद्वितीय लोगों से लोगों और सांस्कृतिक जुड़ाव हमारे संबंधों को आगे बढ़ाते रहे हैं। नेपाल की विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हमने द्विपक्षीय हितों, नेपाल-भारत संबंधों के विभिन्न पहलुओं और आपसी सहयोग के आदान-प्रदान पर चर्चा की।



**आगामी यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा और समीक्षा का अवसर प्रदान करेगी**

हमें विश्वास है कि यह यात्रा नेपाल और भारत के बीच सदियों पुराने रिश्ते को और मजबूत करेगी। नेपाल की विदेश मंत्री आरज़ू राणा देउबा 22 अगस्त तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री की यह यात्रा भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है। दरअसल नेपाल भारत की पड़ोसी प्रथम नीति में प्राथमिकता वाला भागीदार है। आगामी यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा और समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी और हमारे संबंधों को और आगे बढ़ाने में मदद करेगी।

### वर्तमान में भारत प्रतिदिन 800 मेगावाट से अधिक बिजली खरीद रहा

नेपाल और भारत के बीच हुए विद्युत व्यापार समझौते का अधिकतम लाभ नेपाल को मिल रहा है। इस समय नेपाल की तरफ से रिकार्ड 800 मेगावाट बिजली का निर्यात किया जा रहा है जिससे नेपाल को अरबों रुपए की कमाई हो रही है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से इस समय दैनिक रूप से भारत को 800 मेगावाट से अधिक बिजली बेची जा रही है।

---

### राहुल के बयान पर केंद्र का वार

# वैष्णव बोले- यूपीए ने ही बनाया था सुधार आयोग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) को लेकर राहुल गांधी के बयान पर केंद्र सरकार ने हमला किया है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यूपीए सरकार ही सबसे पहले प्रशासनिक सुधार आयोग को लेकर आई थी। राहुल गांधी ने एक्स पर आरोप लगाया था कि मोदी सरकार यूपीएससी से नहीं बल्कि आरएसएस से भर्ती कर रही और एससी-एसटी और ओबीसी कोटे का आरक्षण छीन रही है। इस बयान का केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पलटवार किया है। वैष्णव ने कहा कि सीधी भर्ती को लेकर पहला प्रयास यूपीए सरकार ने किया था। प्रशासनिक सुधा आयोग को 2005 में यूपीए सरकार में ही विकसित किया गया था। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली ने प्रशासनिक सुधार आयोग की अध्यक्षता की थी। आयोग को भारतीय प्रशासनिक प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक अनुकूल बनाने के लिए सुधारों की सिफारिश करने का काम सौंपा गया था। इसकी एक प्रमुख सिफारिश यह थी कि उच्च सरकारी पदों पर लेटरल एंट्री शुरू की जाए, जिसके लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है।

---

### रक्षामंत्री 21 से 25 अगस्त तक अमेरिका दौरे पर रहेंगे

# राजनाथ के अमेरिका दौरे से तेजस को मिलेंगे 'पंख'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस एमके1ए को जल्द ही अपना इंजन मिलने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जल्द ही अमेरिका के दौरे पर रवाना होने वाले हैं। सूत्रों का कहना है कि अपने इस पांच दिवसीय दौरे में रक्षा मंत्री अमेरिकी फर्म जनरल इलेक्ट्रिक की तरफ से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की आपूर्ति में हो रही देरी के मुद्दे को अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। भारतीय वायुसेना को तेजस एमके1ए की डिलीवरी इंजनों की सप्लाई में देरी के चलते लटक रही है। भारतीय वायु सेना को 31 मार्च 2024 तक पहले तेजस एमके1ए की डिलीवरी होनी थी, लेकिन इसमें लगभग 10 महीने की देरी हो रही है।

### कई मुद्दे अमेरिकी अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे

राजनाथ सिंह 21 से 25 अगस्त तक अमेरिका में रहेंगे। रक्षा मंत्री की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर को अमेरिका की यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त राष्ट्र के भविष्य शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 22 सितंबर को न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइसलैंड पर भारतीय-अमेरिकी समुदाय को संबोधित करें।



### 10 माह लेट है तेजस के इंजनों की डिलीवरी

रक्षा मंत्री के इस दौरे में महत्वपूर्ण रक्षा सौदों में हो रही देरी पर भी चर्चा होगी। इनमें एलसीए तेजस एमके1ए को इंजन सप्लाई में हो रही देरी का मामला भी उठाया जाएगा। तेजस लड़ाकू विमानों के निर्माण के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक की तरफ से जीई-एफ404 टर्बोफैन इंजन की सप्लाई में देरी का सामना करना पड़ रहा है।

---

### फर्जी निकला एनसीसी कैंप

# आयोजक और विद्यालय के प्रिंसिपल समेत 11 गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ कृष्णागिरी

तमिलनाडु के कृष्णागिरी में एनसीपी कैंप में शामिल होने के लिए निकलीं कुछ लड़कियों के साथ कुछ ऐसा हुआ, जिससे वह काफी डरी हुई हैं। यह एनसीसी कैंप ही फर्जी निकला, जहां एक लड़की का यौन उत्पीड़न और 13 अन्य बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि कैंप के आयोजक और स्कूल के प्रिंसिपल समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो टीचर और एक पत्रकार भी शामिल है। जिला पुलिस अधीक्षक पी थंगादुरई ने कहा कि स्कूल ने कैंप के लिए जिस समूह को चुना था, उसका बैंकग्राउंड तक चेक नहीं कराया। उन्होंने कहा कि इस महीने की शुरुआत में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में 17 लड़कियों सहित कुल 41 छात्रों ने भाग लिया था। लड़कियों ने आरोप लगाया कि उन्हें एक ऑडिटोरियम से बाहर ले जाया गया, जहां उन्हें रखा गया था और उनके साथ यौन शोषण किया गया। उन्होंने कहा कि कैंप की निगरानी के लिए कोई शिक्षक नहीं था। पुलिस ने बताया कि लड़कियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, जबकि जिला बाल कल्याण समिति ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रोडवेज बस में सामूहिक दुष्कर्म

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून में पंजाब की एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। यहां अंतरराज्यीय बस अड्डा (आइएसबीटी) परिसर में खड़ी बस में दरिंदों ने 16 वर्षीय किशोरी से हैवानियत का सारी हदें पार कर दीं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने जब आईएसबीटी से किशोरी को रेस्क्यू किया तो घटना का खुलासा हुआ। कमेटी ने काउंसलिंग के बाद टीम ने शनिवार को आईएसबीटी चौकी पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- "होटल" जेलरोड, तेलीबांधा हेतु सुपरवाइजर 8, सुरक्षा गार्ड 45, लेडी गार्ड 8, ड्राइवर 8, कंप्यूटर ऑपरेटर 10, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास एक टाइम भोजन फ्री गार्ड हेतु) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019. (RO-2915)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**पेट्राल पंप कर्मी**

आवश्यकता है- उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 9424-225533.(RO-337)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- बोलेरो पिकअप के लिए ड्राइवर 4, हेल्पर 3, logistic (Transport) मे गाड़ी चलाने और पार्सल बांटने के लिए आवश्यकता है अनुभवी ही सम्पर्क करे मोबाइल नंबर: - 7772016666.(RO-2935)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

Healthcare




**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (RO-341)

आवश्यकता है- सोना चांदी दुकान में सामान बेचने स्टाफ की आवश्यकता है। पेमेंट 8000 से 15000 तक माल बेचना सिखा दिया जाएगा मार्केट में परिचय वाले की प्राथमिकता। संपर्क : सुरेश ज्वेलर्स हलवाई लाइन रायपुर समय 1 से 8 बजे तक। 9893994319.(RO-7360)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर(RO-303)

आवश्यकता है- किराना व डेलीनिड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारियों की (अनुभवी को प्राथमिकता) संपर्क:- सी-मार्केट सेक्टर-6 भिलाई मो.- 9826684859. (आरो न.-559)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर: - 9329103178.(RO-2936)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- रेडीमेड शॉप में कार्य करने हेतु लड़के और लड़कियों एंव टेलर (सिलाई हेतु) की आवश्यकता है संपर्क प्रभु दयाल वस्त्र भंडार 10:30 से 1:00 बजे तक पता सर्कुलर मार्केट कैंप 2 भिलाई मो.9826433031. (आरो न.-560)

**ऑफिस सहायक**

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। मो. 6265100904. (RO-2941)

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12th PASS टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट -02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4, सर्विस टेक्निशियन 2, OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-2939)

**डॉक्टर**

आवश्यकता है- होम्योपैथिक डॉक्टर की 1 पद- 2, योग्यता- BHMS पास 1 वेतन Rs: 15,000/- से 20,000/- संपर्क करें:- Normal Child Clinic, राधा स्वामी नगर रायपुर Call 8602470046.(RO-2940)




**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

**सेल्समैन/ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- दुर्ग, बांधा तालाब, गंजपारा स्थित मोड्यूलर हार्डवेयर शोरुम हेतु सेल्समैन/ऑफिस बॉय व मैनेजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। अनुभवी कैंडिडेट को प्राथमिकता। अपना रिज्यूम व्हाट्सअप पर भेजें। मो- 9425550555.(आरो.-SPD/810)

**अकाउंटेंट/टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000) (2) टेलिकॉलर पद 20 वेतन (7000-12000) (3) फील्ड एग्जीक्यूटिव पद 10 वेतन 10000 +TA. Contact : 6232010617, 7611107539 हेड ऑफिस- इ जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई.(आरो.-SP/885)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- WASANKAR FARMS Jatamzari, Nagpur मे आदमी / परिवार चाहिए. गोट फार्म-1, डेयरी फार्म-1, खेतकाम-1. Rs. 8-10 हजार / आदमी, 14-15 हजार / परिवार, रहने की पूरी सुविधा. Contact - 9600139440, 9974249096 (RO-20382)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर-7477221345, 9977676447, बिलासपुर-8359913999, 9589288936, रायगढ़-7869755871. (RO-2894)

**Property प्रापर्टी**

जमीन बेचना है- शानदार निवेश का मौंका भिलाई I.I.T से मात्र 5कि.मी. की दूरी में करंजा भिलाई के प्राइम लोकेशन में आवासीय प्लाट सबसे सस्ता और सबसे अच्छा मात्र-250/- रूपये प्रति वर्गफूट बजट-फ्रेंडली प्लाट आपका इंतजार कर रहा है। अभी कॉल करें :- 98933-70648.(आरो नं -6366)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# दीप्ति ने दिलाई लंदन स्पिरिट को पहली महिला हंड्रेड का खिताब...

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाई जिससे लंदन स्पिरिट ने यहां लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में वेल्स फायर को चार विकेट से हराकर पहली बार महिला हंड्रेड का खिताब जीता। दीप्ति ने 23 रन देकर एक विकेट लिया और फिर नाबाद 16 रन बनाए, जिसमें हेली मैथ्यूज पर लगाया गया विजयी छक्का भी शामिल है। इसके बाद इस भारतीय खिलाड़ी ने अपनी साथी बल्लेबाज चार्ली डीन को गले लगाया। दीप्ति ने दो साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान नॉन स्ट्राइकर छोर पर रन लेने के लिए आगे बढ़ी डीन को रन आउट कर दिया था। इसके बाद खेल भावना को लेकर बहस छिड़ गई थी। महिला हंड्रेड के फाइनल में वेल्स फायर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 115 रन बनाए। लंदन स्पिरिट ने छह विकेट पर 118 रन बना कर जीत हासिल की।






## खबर संक्षेप



### फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार करना प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के नवनियुक्त महासचिव पी. अनिलकुमार ने सोमवार को कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता फीफा, क्लबों, राज्य संघों और सरकार जैसे प्रत्येक हितधारक को शामिल करते हुए देश में फुटबॉल की 'गुणवत्ता में सुधार' करना है। अनुभवी खेल प्रशासक अनिलकुमार का 'फुटबॉल हाउस' में एआईएफएफ कोषाध्यक्ष किपा अजय ने उप महासचिव एम सत्यनारायण की उपस्थिति में स्वागत किया। अनिलकुमार ने सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद एआईएफएफ वेबसाइट से कहा, 'अब, प्राथमिकता फुटबॉल की गुणवत्ता में सुधार की होगी।'

### अधिक जिम्मा उठाएं ग्रीन और मार्श : पैट

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस को उम्मीद है कि इस साल के आखिर में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट श्रृंखला के दौरान ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन और मिशेल मार्श गेंदबाजी का अधिक जिम्मा संभालेंगे। कमिंस ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'टीम में ऑलराउंडर होने से फायदा मिलता है। पिछले कुछ वर्षों में हम उनका उतना उपयोग नहीं कर पाए जितना हमने सोचा था। यह अच्छी बात है। लेकिन इन गर्मियों के सत्र में कुछ अलग हो सकता है।



### जैक पॉल से मुकाबला करने को तैयार हैं माइक टायसन

**न्यूयॉर्क।** माइक टायसन 58 साल के हैं और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण रिंग में उनकी वापसी को स्थगित करना पड़ा लेकिन यह दिग्गज मुक्केबाज फिर से दस्ताने पहनने के लिए तैयार है। एक समय दुनिया के सबसे खतरनाक मुक्केबाज रहे टायसन फिर से रिंग में उतर कर खुद को खतरे में डाल सकते हैं। रविवार को यहां जब उनसे पूछा गया कि वह जैक पॉल से मुकाबला क्यों करना चाहते हैं तो उन्होंने तपाक से उत्तर दिया।



### जीव जांबिया लीजेंड्स में संयुक्त 12वें स्थान पर

**लुसाका।** भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया लीजेंड्स गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहे। जीव ने अंतिम दौर की शुरुआत चार होल में तीन बर्डी के साथ की। उन्होंने अंतिम दौर में कुल चार बर्डी, एक ईगल और तीन बोगी से तीन अंडर का स्कोर बनाया।



टेनिस : यानिक ने 7-6(9) 5-7 7-6(4) से दर्ज की जीत

# सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में, सबालेंका से हारी इगा स्वियाटेक

एजेंसी ▶▶| मेसन

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में शीर्ष खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को आर्यना सबालेंका से हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका फाइनल में अमेरिकी जेसिका पेगुला से भिड़ेंगी, जबकि सिनर का सामना फ्रांसिस टियाफो से होगा।

इटली के खिलाड़ी सिनर ने तीन घंटे, सात मिनट तक चले मैच में 7-6(9) 5-7 7-6(4) से जीत दर्ज की। टियाफो ने एक अन्य सेमीफाइनल में होल्गर रूणे को 4-6, 6-1, 7-6 (7-4) से पराजित किया। महिलाओं के सेमीफाइनल में सबालेंका ने स्वियाटेक को 6-3 6-3 से हरा कर पहली बार सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इससे पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्वियातेक का पिछले 15 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया। छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में पाउला बडोसा को 6-2, 3-6, 6-3 से हराया।



## नागल विंस्टन ओपन से पहले दौर में बाहर



**विंस्टन-सलेम।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल यहां पहले दौर में ही बोर्ना कोरिच से सीधे सेटों में हारकर एटीपी 250 प्रतियोगिता विंस्टन सलेम ओपन से बाहर हो गए। नागल एक घंटे 10 मिनट तक चले मैच में क्रोएशियाई खिलाड़ी से 4-6, 2-6 से हार गए। नागल मुकाबले में मिले एकमात्र ब्रेकप्वाइंट को बदलने में सफल रहे लेकिन इस बीच उन्होंने चार बार अपनी सर्विस गंवायी। पुरुष युगल में पूर्व जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन दक्षिणेश्वर सुरेश ब्रिटेन के अपने जोड़ीदार लुका पॉव के साथ चुनौती पेश करेंगे।

# मनु और नीरज मालामाल विनेश को भी मिला इनाम





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को हरियाणा सरकार ने पुरस्कार राशि दी है। मनु भाकर को हरियाणा सरकार ने पांच करोड़, नीरज चोपड़ा को चार करोड़ और कांस्य पदक विजेताओं को ढाई-ढाई करोड़ की धनराशि दी गई है। हरियाणा के 17 खिलाड़ी ऐसे भी थे, जिन्हें कोई पदक नहीं मिला है। हालांकि, सरकार ने इन खिलाड़ियों को भी 15 लाख रुपए दिए हैं।

- हरियाणा सरकार ने 17 खिलाड़ियों को दी प्रोत्साहन राशि

हरियाणा सरकार ने ओलंपिक में भाग लेने वाले राज्य के कुल 25 खिलाड़ियों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए। इनमें से सबसे ज्यादा पैसे शूटिंग में दो कांस्य पदक जीतने वाली शूटर मनु भाकर को दिए। मनु भाकर के खाते में पांच करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए। वहीं, पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए एकमात्र सिल्वर मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा के खाते में चार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। कुश्ती के फाइनल मुकाबले में 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के कारण डिसक्वालीफाई होने वाली रेसलर विनेश फोगाट को भी चार करोड़ रुपए दिए गए हैं। शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले सरबजोत सिंह को 2.50 करोड़ रुपए दिए गए। कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ी अभिषेक नैन, सुमित कुमार और संजय सिंह को भी 2.50 करोड़ रुपए मिले हैं।

### 17 खिलाड़ियों को मिले 15-15 लाख

वहीं, मेडल से चूकने वाले 17 एथलीटों को 15-15 लाख रुपए सम्मान राशि दी गई। बता दें कि नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता था। हालांकि, इस बार उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। अगले ओलंपिक में भी उनसे गोल्ड की उम्मीद होगी।

पेरिस पैरालंपिक

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीतना सुमित का लक्ष्य




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोक्यो पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल का लक्ष्य पेरिस खेलों में पुरुषों के एफ64 श्रेणी में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार के साथ खिताब का बचाव करना है।

सुमित 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होने वाले खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग्यश्री जाधव (गोला फेंक, एफ34 श्रेणी) के साथ भारतीय ध्वजवाहक भी होंगे। सुमित ने टोक्यो पैरालंपिक में तीन बार विश्व रिकॉर्ड कायम करते हुए 68.55 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने इसके बाद 2023 पैरा विश्व चैंपियनशिप में 70.83 मीटर के थ्रो के साथ नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया और फिर हांगझोऊ एशियाई पैरा खेलों में इसमें सुधार करते हुए 73.29 मीटर के साथ स्वर्ण पदक जीता। एफ 64 श्रेणी पैर के निचले हिस्से में विकार वाले खिलाड़ियों से संबंधित है जो प्रोस्थेटिक्स (कृत्रिम पैर) का उपयोग करके खड़े होने की स्थिति वाली स्पर्धा में भाग लेते हैं।

### दीर्घकालीन लक्ष्य 80 मीटर की दूरी

सुमित ने साक्षात्कार में कहा कि वह पेरिस पैरालंपिक में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार कर स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। इस 26 साल के खिलाड़ी ने कहा, 'मेरा दीर्घकालीन लक्ष्य 80 मीटर की दूरी हासिल करना है लेकिन पेरिस पैरालंपिक में मैं 75 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगा। सत्रह साल की उम्र में सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर गंवाने वाले इस खिलाड़ी ने इस वर्ष मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में 69.50 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे।

## मोदी ने पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं देते हुए सोमवार को कहा कि पूरा देश खिलाड़ियों का समर्थन करेगा क्योंकि वे इस खेल महाकुंभ में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करेंगे। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होगा। इसमें भारत के रिकॉर्ड 84 खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मोदी ने खिलाड़ियों के साथ वर्चुअल बातचीत के दौरान पैरालंपिक में पहली बार भाग लेने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ तोक्यो पैरालंपिक के पदक विजेताओं से भी बात की। उन्होंने कहा, 'आपकी यात्रा देश के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आपके और आपके करियर के लिए। हमारे देश का गौरव इस बात से जुड़ा होगा कि आप सब वहां क्या हासिल करते हैं। पूरा देश आपका समर्थन कर रहा है। 140 ssकरोड़ भारतीय आपको अपना आशीर्वाद भेज रहे हैं। विजय भवः। जैसा आपने एशियाई पैरा खेलों और तोक्यो पैरालंपिक में किया था, मैं चाहता हूं कि आप सभी पेरिस में नये रिकॉर्ड बनाएं।

# दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी को दोहरा खिताब

- आडवाणी की मुंबई में पिछले दो साल में यह लगातार सातवीं खिताबी जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज क्यू खिलाड़ी ओएनजीसी के पंकज आडवाणी ने यहां पश्चिम भारत बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में सीनियर स्नूकर खिताब जीतकर दोहरी सफलता हासिल की।

बिलियर्ड्स खिताब जीतने के बाद आडवाणी ने रविवार रात फाइनल में कड़े मुकाबले में रेलवे के कमल चावला को 6-4 से हराकर स्नूकर खिताब भी अपने नाम किया। यह मुकाबला लगभग सात घंटे चला। आडवाणी ने 11-72, 31-58, 95-40, 52-42, 69-43, 43-74, 22-59, 75-62, 84-58, 58-10 से जीत दर्ज की। एस श्रीकृष्णा को हराकर बिलियर्ड्स खिताब जीतने वाले आडवाणी की मुंबई में पिछले दो साल में यह लगातार सातवीं खिताबी जीत है।




अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा देश

# बांग्लादेश में टी20 विश्व कप खेलना मुश्किल: हीली

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने कहा है कि अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेलना शायद सही नहीं होगा क्योंकि इससे देश पर बहुत दबाव पड़ेगा जो अब भी बड़े पैमाने पर हुई हिंसा और विरोध-प्रदर्शनों से उबर रहा है जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे। देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इस्तीफा दे दिया था और भारत भाग गई जबकि नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया है।

महिला टी20 विश्व कप तीन से 19 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होना है जिसमें गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सहित 10 टीमें भाग लेंगी। एलिसा ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कहा, 'मुझे इस समय वहां खेलने के बारे में सोचना मुश्किल लग रहा है, एक इंसान के तौर पर मुझे लगता है कि ऐसा करना गलत होगा। यह ऐसे देश से संसाधन छीनना होगा जो काफी संघर्ष कर रहा है। उन्हें उन सभी लोगों की जरूरत है जो मर रहे लोगों की मदद के लिए वहां पहुंच सकें।' एलिसा ने कहा कि अंतिम निर्णय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को लेना है जिसके इस सप्ताह फैसला करने की उम्मीद है।उन्होंने कहा, 'इस समय बांग्लादेश में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने से कहीं ज्यादा जरूरी चीजें हैं... लेकिन मैं इसे आईसीसी पर छोड़ती हूं कि वह इस पर काम करे।'




### टूर्नामेंट को स्थानांतरित करने किया आग्रह

ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में बांग्लादेश में सीमित ओवरों की श्रृंखला खेली थी जिसके सभी छह मैच, तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच ढाका के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए थे। यह 2014 के टी20 विश्व कप के बाद ऑस्ट्रेलिया का बांग्लादेश का पहला दौरा था और देश में टी20 विश्व कप की उनकी तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण था। हीली को भरोसा है कि भले ही टूर्नामेंट को कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए लेकिन पूरी कवायद बेकार नहीं जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ने मार्च-अप्रैल में बांग्लादेश के खिलाफ आयोजित सभी छह मैच जीते थे।




दुनिया के सबसे अनोखे सांप

## सभी हैं मादा, बिना नर के पैदा करती हैं बच्चे! केंचुए जैसा छोटा है आकार



एजेंसी ▶▶ लंदन

जब सांपों की बात आती है तो आपके जहन में लंबे, जहरीले सांप आते होंगे जिन्हें देखकर डर लगता है। पर दुनिया में कुछ ऐसे भी सांप हैं जो इतने छोटे हैं कि उनका आकार केंचुए जैसा है। आज हम ऐसे ही एक बेहद छोटे सांप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें भारत का सबसे छोटा सांप कहा जाता है। ये इतने छोटे हैं कि आपको लगेगा जैसे ये केंचुए ही हैं। पर सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये है कि ये सभी मादा हैं और बिना नर के बच्चे पैदा कर सकती हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने वीडियो हाल ही में पोस्ट किया है, जिसमें वो एक बेहद छोटे सांप को अपने हाथ में लिए खड़े हैं। इस वीडियो में वो बताते हैं कि इस सांप का नाम है ब्राह्मिनी ब्लाइंड स्नेक, जिसे भारत का सबसे छोटा सांप माना जाता है।

### बेहद छोटा है ये सांप

बीबीसी की डिस्कवर वाइल्डलाइफ वेबसाइट के अनुसार इनके पास आंख नहीं होती है, आंख की जगह पर बहुत छोटे काले डॉट होते हैं जो उन्हें प्रकाश का एहसास कराते हैं। इस तरह वो समझ जाते हैं कि वो मिट्टी के ऊपर हैं या नीचे। ये सांप बहुत छोटे कीड़े खाते हैं, या फिर चींटियां और दीमक का सेवन करते हैं। सबसे ज्यादा हैरानी की बात ये है कि आज तक जितने भी सांप मिले हैं, सब मादा है, इससे वैज्ञानिकों ने पता लगाया कि ये सांप मादा ही होती हैं और ये दुनिया के इकलौती एकलिंग जीव होते हैं। ये पार्थिनोजेनिसिस नाम के प्रोसेस से बच्चे पैदा करते हैं, जिसे वर्जिन बर्थ भी कहते हैं।

### वीडियो हो रहा है वायरल

इस वीडियो को 73 लाख व्यूज मिल चुके हैं और कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कई लोगों ने पूछा कि क्या ये जहरीले होते हैं या फिर इन्हें खोजा कैसे जाएपर कई लोगों को इस सांप में भी मजाक सूझने लगा। एक ने कहा कि ये सांप इंडिपेंडेंट महिलाएं हैं। एक ने कहा कि उसके घर के बाहर ये दिखे थे, तब उसने सोचा कि सांप के बच्चे हैं।

# 40 फीट की ऊंचाई से गिरते रसगुल्ले को मुंह से लपक लेता है ये शख्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के इटावा के रहने वाले अनुज यादव का अनोखा टैलेंट अब पूरे देश में चर्चा का विषय बनता जा रहा है। इटावा की शांति कॉलोनी में रहने वाले अनुज, रसगुल्लों को 30 से 40 फीट की ऊंचाई तक हवा में उछालकर मुंह में कैच करने की अद्भुत कला में माहिर हैं। अनुज की इस कला को देखकर लोग दंग रह जाते हैं और अब उन्हें 'रसगुल्ला मैन' के नाम से जाना जाने लगा है।

अनुज यादव और उनके परिवार का सपना है कि उनकी इस अनोखी कला को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए। बचपन से ही अनुज को छोटी चीजों को हवा में उछालकर मुंह में कैच करने की आदत थी। पहले वह मूंगफली और चने से यह कला आजमाते थे, और धीरे-धीरे उन्होंने रसगुल्ला उछालने में महारत हासिल कर ली। अब वह नियमित रूप से 30 से 40 फीट की ऊंचाई तक रसगुल्ला उछालते हैं और उसे मुंह में कैच कर लेते हैं, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

### इटावा का रसगुल्ला मैन

अनुज यादव के इस अद्वितीय टैलेंट ने उन्हें इटावा का रसगुल्ला मैन बना दिया है। एक कार्यक्रम में अनुज ने 8 से 10 रसगुल्ले उछालकर अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिससे लोग उनकी प्रतिभा के कायल हो गए। अनुज का यह टैलेंट किसी कलाबाजी से कम नहीं है, और इसी धुन के चलते वह इटावा में खास पहचान बना चुके हैं।



### 10-12 साल की कठिन प्रैक्टिस का नतीजा

अनुज यादव ने यह महारत 10-12 साल की कठिन प्रैक्टिस के बाद हासिल की है। बचपन में वह चना और मूंगफली उछालकर खाने का अभ्यास करते थे, जो धीरे-धीरे रसगुल्ला उछालने तक पहुंच गया. अनुज ने बताया कि इस कला को हासिल करने में उन्हें लगातार प्रैक्टिस करनी पड़ी। उनके साथियों ने उन्हें चैलेंज किया था, जिसके बाद उन्होंने रसगुल्ला उछालकर खाने की प्रैक्टिस शुरू की, और अब वह इसे 30-40 फीट की ऊंचाई तक उछालने के बाद सीधे मुंह में कैद कर लेते हैं।

### परिवार का समर्थन

अनुज के पिता, रामसेवक यादव, जो यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक के पद से 2014 में रिटायर हुए हैं, अपने बेटे की इस काबिलियत से बेहद खुश हैं। जब अनुज को 'इंडिया गॉट टैलेंट' के लिए मुंबई से बुलावा आया था, तो उनके पिता उनके साथ गए थे और वहां अनुज की तारीफ सुनकर गर्व महसूस किया। अनुज की बड़ी बहन, श्रीमती विजयाकुमारी, कहती हैं कि उनके भाई का सपना है कि लोग उनकी प्रतिभा को पहचानें और सम्मान करें, और गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज हो।

# स्पेस स्टेशन की तरफ बढ़ रहा चीनी रॉकेट का मलबा, क्या सुनीता विलियम्स के लिए है खतरा

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर दो महीने से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद है। अभी तक उनकी वापसी की तारीख तय नहीं हो पाई है। आशंका है कि दोनों को फरवरी 2025 तक अंतिरक्ष में रहना पड़ सकता है। आईएसएस पर बोइंग स्टारलाइनर में खराबी की वजह से दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की अभी तक वापस नहीं हो पाई है। आईएसएस पर उनको लेकर गए बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में आई खराबी के कारण उनकी वापसी नहीं हो पाई है। उनकी यह यात्रा सिर्फ आठ दिन की थी। बोईंग स्टारलाइनर में हीलियम लीक और थ्रस्टर्स में खराबी की वजह से सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर पृथ्वी पर वापस नहीं आ पाए हैं। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर सितंबर में पृथ्वी पर वापस आ सकते हैं, लेकिन अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अभी तक उनकी वापसी को लेकर कोई तारीख नहीं बताई है। नासा के एक अधिकारी ने बीते दिनों कहा था कि हो सकता है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री साल 2025 तक पृथ्वी पर वापस आएं।



अब इस बीच नई मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि स्पेस में अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खतरा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में स्पेस में एक चीन का रॉकेट फट गया था, जिसका मलबा इन अंतरिक्ष यात्रियों की तरफ बढ़ रहा है। इसके कारण अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद यात्रियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। चीन का लॉन्ग मार्च 6A रॉकेट 18 G60 उपग्रहों को तैनात करने के तुरंत बाद फट गया था। इस रॉकेट के 700 से ज्यादा टुकड़े अंतरिक्ष में घूम रहे हैं। इतना अधिक मलबा है कि यह 1000 से ज्यादा उपग्रहों को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, एक मीडिया रिपोर्ट में अमेरिका की अंतरिक्ष कमांड के हवाले से बताया गया है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को कोई खतरा नहीं है। एक अन्य मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, चीन रॉकेट के मलबे का निगरानी कर रहा है। चीनी विदेश मंत्रालय की तरफ से बयान जारी कर कहा गया कि चीन ने आवश्यक कदम उठाए हैं और संबंधित कक्षीय क्षेत्रों की बारीकी से निगरानी कर रहा है और डेटा का विश्लेषण कर रहा है।

### सुनीता विलियम्स की आंखों में आ रही है दिक्कत

न्यूयार्क। नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बैरी बुच विल्मोर करीब दो महीने से अंतरिक्ष फंसे हुए हैं। दोनों अंतरिक्ष यात्री फिलहाल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद हैं। दरअसल, बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल में आई खराबी की वजह से उनकी वापसी अभी तक नहीं हो पाई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की तरफ से कहा जा रहा है कि सितंबर में उन्हें पृथ्वी पर लाने की कोशिश की जाएगी, लेकिन अभी तक कोई तारीख नहीं बताई गई है। हो सकता है कि दोनों अंतरिक्ष यात्री अगले साल यानी फरवरी 2025 में वापस आएं। एक इस बीच एक खबर आई है कि सुनीता विलियम्स की आंखों में दिक्कत आ रही है, क्योंकि उन्हें देखने में समस्या हो रही है। एक मीडियो रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नासा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सुनीता विलियम्स स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना कर रही हैं। दरअसल यह समस्या जैसा कि कहा जाता है कि आमतौर पर माइक्रोग्रैविटी के संपर्क में लंबे समय तक रहने की वजह से होती है।



## दो दिन पहले दी हत्या की धमकी, तीसरे दिन फरसा से हमला कर युवक को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

10 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में दो व्यक्ति जेल से बाहर आए। दो दिन पहले इनमें से एक युवक को मृतक के बेटों ने जान से मारने की धमकी दी। तीसरे दिन फरसा से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने दो भाइयों को हिरासत में ले लिया है। मुख्य आरोपी तीसरा भाई फरार है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। सरकण्डा थाना के एसआई रामनरेश यादव ने बताया कि लगरा निवासी संतोष केंवट व उसके बेटे छतराम केंवट ने 10 साल पहले जमीन विवाद पर चचेरे भाई तिलक केंवट की हत्या कर दी थी। 8 साल जेल में रहने के बाद पिता-पुत्र छूटकर बाहर आए। इसके बाद संतोष केंवट कमाने-खाने के लिए पुणे चला गया। वहीं, छतराम केंवट घर में रहकर रोजी-मजदूरी करने लगा। दो दिन पहले 17 अगस्त को मृतक तिलक केंवट का बेटा जितेन्द्र केंवट घर जाकर छतराम केंवट को पिता की हत्या करने पर उसकी हत्या करने की धमकी देकर आया था। 19 अगस्त को दोपहर एक बजे छतराम केंवट गोपाल नामक व्यक्ति से पैसा लेकर बाइक से घर लौट रहा था। अपने घर के पास जितेंद्र केंवट, उसका भाई धर्मेन्द्र और हेमंत केंवट फरसा लेकर निकले और उस पर हमला कर दिया, जिससे वह खून से लथपथ होकर बाइक सहित गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े हत्या की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो छतराम केंवट की लाश पड़ी हुई थी।

**10 साल पहले हुई पिता की हत्या का बदला लेने तीन भाइयों ने की वारदात**




## पैदा होते ही मां को खा लेता है बिच्छू



नई दिल्ली। क्या आप इस धरती पर किसी ऐसे जीव को जानते हैं, जो जन्म के बाद ही अपनी मां को खा जाता हो। आमतौर पर मां और बच्चों में अलग प्यार होता है, चाहे वो जानवरों के हों या फिर इंसान के। पर ये जीव ज़रा अलग ही है। ये जीव बिच्छू है। ये अक्सर छोटी जगहों पर छिपा हुआ मिल जाता है और इसका ज़हर बहुत तेज़ होता है। इस जीव से जुड़ी हुई दिलचस्प बात ये है कि ये पैदा होते ही अपनी मां को खा जाता है।

एक बार में मादा बिच्छू कम से कम 100 बच्चों को जन्म देती है। सुरक्षा के लिहाज से वो इन्हें अपनी पीठ पर लादे रहती है। इस दौरान बिच्छू अपनी की मां का मांस खाकर पेट भरते रहते हैं। ये प्रक्रिया तब तक चलती है, जब तक कि मादा बिच्छू का शरीर खोखला होकर वो मर न जाए।



Ajay Advt.

## नाबालिग ने कार से एसपी की गाड़ी, मवेशी व दो महिलाओं को टक्कर मारी, हिरासत में पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले एसपी की गाड़ी को नाबालिग ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए टक्कर मार दी। उसके बाद वह हड़बड़ी में गाय व महिलाओं को टक्कर मारकर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर घेराबंदी करते हुए कार सहित नाबालिग को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पिता को हिरासत में लेकर थाने में बैठा दिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 19 अगस्त को एसपी रजनेश सिंह इनोवा कार से रक्षाबंधन पर्व में शहर के चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले थे। शाम 5.30 बजे वे रिवरव्यू से आगे जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एसेंट कार क्रमांक सीजी 16 सीजे- 2902 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए एसपी की इनोवा को टक्कर मार दी, जिससे दरवाजा क्षतिग्रस्त हो गई। उसके बाद वह हड़बड़ी में मवेशी व एक महिला को टक्कर मारकर शनिचरी की ओर तेज रफ्तार से भागने लगा। एसपी श्री सिंह ने कार चालक को पकड़ने का निर्देश दिया। इसके बाद चौक- चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी कार के पीछे लग गए। भागते समय कार सवार ने शनिचरी रपटा के पास एक अन्य महिला को टक्कर मार दी। उसके बाद पुलिस ने पीछा करते हुए घेराबंदी कर कार चालक को पकड़ लिया। कार एक नाबालिग चला रहा था। इधर, एसपी कोतवाली थाने में जाकर बैठ गए थे। पुलिसकर्मी कार सहित नाबालिग को पकड़कर थाना लेकर पहुंचे। एसपी श्री सिंह ने नाबालिग को जमकर फटकार लगाई। उसके बाद नाबालिग के पिता गीताजंली सिटी फेस 1 गली नम्बर 5 निवासी विपिन चौहान पिता कांशीराम चौहान को थाने में तलब कर हिरासत में ले लिया गया है।



## आसमान में दिखी लाल आतिशबाजी लगा स्पेस में चमकी बहुत सी जेलीफिश

ऐजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया में हर जगह आसमान में रंगीन नजारे नहीं दिखते हैं। ध्रुवों के पास साल में कई बार ऑरोर जैसी घटनाएं दिखती हैं, जिसे आकाश में हरे और नीले रंगों से मिलकर हैरतअंगेज नजारे दिखाई देते हैं। दुनिया में बाकी जगह ऐसे नजारे भी नहीं दिखते हैं। लेकिन, फ्रांस में एक शख्स को रात के आसमान में एक अत्यंत दुर्लभ 'लाल स्प्राइट' घटना दिखाई दी जो विशाल चमकती जेलीफ़िश की तरह दिखती है। उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की गई हैं। हाल ही में फ्रांस में आए तूफानों के दौरान नीस और लेक जिनेवा के ऊपर आसमान में इन्हें तस्वीरों में कैद किया गया है। कनेक्सियन फ्रांस के अनुसार, फ्रेंच में फ़ारफ़ेडेट्स कहलाने वाली ये रोशनी रात के आसमान में लाल आतिशबाजी की तरह दिखाई देती हैं। पर्यावरण और मौसम फ़ोटोग्राफ़र क्रिस्टोफ सुआरेज ने इस नज़ारे को कैद किया। इसे 13-14 अगस्त की रात को रोन-आल्प्स, बोर्गोग्ने-फ्रांच-कॉम्टे और ग्रैंड-एस्ट में देखा गया। उन्होंने एक्स पर अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें एक रोशनी विशाल चमकती जेलीफ़िश जैसी दिख रही थी।





Ajay 9827144371




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com